वर्ष 24, अंक 321, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'पीएम मोदी खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं'

### नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट की चिंताओं पर बोली सरकार

**नई दिल्ली**

**नीट** पेपर लीक मामले में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस मामले पर नजर रख रहे हैं. शुक्रवार (29 मई, 2026) को सुप्रीम कोर्ट ने पेपर रद्द होने पर चिंता जताते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि परीक्षा अच्छी तरह से हो. इस पर सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री इस मामले को खुद देख रहे हैं.

नीट यूजी परीक्षा 3 मई को हुई थी, लेकिन पेपर लीक विवाद के कारण इसे रद्द कर दिया गया था. अब 21 जून को पूरे देश में एकसाथ फिर से परीक्ष होनी है. पेपर लीक मामले में कई मेडिकल स्टूडेंट्स और डॉक्टर्स ने याचिका दाखिल करके नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को रिप्लेस किए जाने की मांग की है. पिछली सुनवाई में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने इन याचिकाओं पर नोटिस जारी करके एनटीए से जवाब मांगा था.

कोर्ट ने पूछा था कि 2024 के उसके आदेश के बाद बनाई गई उच्च स्तरीय कमेटी की ओर से दिए गए सुझावों पर अब तक क्या



कदम उठाए गए हैं, जिससे NEET सिस्टम को मजबूत किया जा सके. हाई पावर्ड कमेटी के अध्यक्ष राधाकृष्णन (इसरो के पूर्व अध्यक्ष) व्यक्तिगत रूप से आज की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए. राधाकृष्णन ने बताया कि 2024 में कमेटी ने 60 सुझाव दिए थे, कई लागू हो चुके हैं और 2025 की परीक्षा सफलतापूर्वक हुई थी.

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह बहुत चिंता का विषय है कि छात्रों को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा. कोर्ट ने सरकार से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा अच्छी तरह हो. केंद्र सरकार जवाब दाखिल करे।

## 'यज्ञ रोका तो रावण-कंस जैसा हश्र तय'

### यूपी में बेटियां-व्यापारी अब सुरक्षित- योगी



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए पिछली सरकार पर माफिया तत्वों को संरक्षण देने, कल्याणकारी योजनाओं को रोकने और राज्य भर में अराजकता को पनपने देने का आरोप लगाया। मऊ के मधुबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने राज्य के सुरक्षा माहौल में सुधार किया है और यह सुनिश्चित किया है कि जन कल्याणकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंचें।

योगी ने कहा कि पिछली सरकार माफिया के आगे झुक गई थी। चारों ओर अराजकता और अव्यवस्था फैली हुई थी। अब मैं कह सकता हूँ कि आज किसी भी माफिया या गुंडे में किसी भी त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने की हिम्मत नहीं है। अगर कोई भी धार्मिक आयोजन में बाधा डालता है, तो त्योहार तो मनाया जाएगा, लेकिन उसका अंजाम रावण और कंस की तरह ही तय होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, गुंडे उन्हें परेशान करते थे। अपहरण कभी भी हो सकते थे। व्यापारियों को सूर्यास्त से पहले दुकानें बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ता था। अगर परिवार का कोई सदस्य सूर्यास्त के बाद घर नहीं पहुंचता था, तो परिवार को चिंता सताने लगती थी कि कहीं उनका क्या न हो जाए।

योगी ने कहा कि उस दंगे जैसे माहौल में, अराजकता से भरे वातावरण में, यहां के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। राज्य में नौकरियां नहीं थीं। लेकिन जब वे राज्य से बाहर जाते थे, तो उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोग दस कदम पीछे हट जाते थे। योगी ने कहा- पहले गरीबों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। आपने 2014 में देश की बागडोर नरेंद्र मोदी को सौंपी। पिछले 12 वर्षों में आपने भारत को बदलते देखा है। मोदी जी कहते हैं कि हमारे लिए केवल चार जातियाँ हैं। उन्होंने कहा कि एक जाति गरीबों की, एक युवाओं की, एक महिलाओं की और एक किसान की जो हमें भोजन देता है। अगर आपको याद हो, तो इन चारों में सभी शामिल हैं। अगर इन चारों का उत्थान हो जाए, तो देश चलने लगेगा। मोदी जी दिल्ली में योजनाएँ बनाते थे, लेकिन 2014 से 2017 तक उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार ने उन्हें राज्य में लागू नहीं होने दिया।

### अमित शाह ने भुज में जी-7 फैक्ट्री का उद्घाटन कर कहा

## हरामी नाला में सुरक्षा अभेद्य

**गुजरात**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर स्थित बॉर्डर आउटपोस्ट जी-7 का उद्घाटन किया और संवेदनशील हरामी नाला क्षेत्र में सुरक्षा ग्रिड को प्रमुख तकनीकी चुनौतियों के बावजूद काफी मजबूत बताया। अपनी यात्रा के दौरान, शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की और नीम का पौधा लगाया।

उद्घाटन समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि जी-7 सुविधा का निर्माण क्षेत्र में सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों के तहत लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था। उन्होंने कहा कि यहां से कुछ किलोमीटर दूर, बनासकांठा में, एक केंद्र स्थापित किया गया था ताकि जनता को आप सभी द्वारा किए जाने वाले कर्तव्यों से अवगत कराया जा सके। इस केंद्र का निर्माण लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था आज जी-7 और जी-13 परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है। जब मैंने देश के गृह मंत्री के रूप में पदभार संभाला, तो बीएसएफ के



साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से हरामी नाला असुरक्षित प्रतीत होता है। शाह ने तकनीकी और भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद एक मजबूत सुरक्षा नेटवर्क स्थापित करने में सरकार की क्रमिक सफलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस पूरे क्षेत्र में एक मजबूत सुरक्षा जाल स्थापित करने में धीरे-धीरे सफलता प्राप्त की है। मैं उन विशाल तकनीकी चुनौतियों से भलीभांति अवगत हूं जिन्हें वर्तमान में हमारे सामने खड़े टावरों के निर्माण के लिए पार करना पड़ाङ्ख सीमा चौकियों के आसपास के पूरे क्षेत्र को जमीन से लगभग 3.75 मीटर ऊपर उठाया गया है लगातार तीन महीनों तक, मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रतिदिन प्रगति की निगरानी की, यह सुनिश्चित करते हुए कि सर्वेक्षण कार्य बाधित न हो।

गृह मंत्री अमित शाह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने और विकास एवं सुरक्षा परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में अहमदाबाद नगर निगम द्वारा न्यू वडाज सर्कल के पास स्थापित 'भारत माता प्रतिमा' का अनावरण किया।

अनावरण के अवसर पर अमित शाह ने प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया, जबकि उपस्थित लोगों ने भारत माता की प्रशंसा में नारे लगाए। लगभग 18 फुट ऊंची यह प्रतिमा अहमदाबाद के पश्चिमी जोन में न्यू वडाज सर्कल के पास स्थित है। राज्य मंत्री दर्शना वाघेला, नगर महापौर हितेश बरोट, उप महापौर अंजू शाह, स्थानीय सांसद और विधायक, स्थायी समिति के अध्यक्ष कमलेश पटेल, अन्य गणमान्य व्यक्ति और नागरिक भी उपस्थित थे।

## बर्दाश्त नहीं! यूएस में भारतीयों के साथ हो रहे नस्लवाद पर भारत ने क्या चेतावनी दी?

**नई दिल्ली**

**भारत** और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापारिक वार्ता और अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद के वायरल वीडियो पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ा रुख दिखाया है। रणधीर जयसवाल ने कहा कि जहाँ तक मेरी जानकारी है, अप्रैल के महीने में हमारी एक व्यापारिक टीम ने अमेरिका का दौरा किया था। अब हम अगले हफ्ते अमेरिका से एक टीम के भारत आने की उम्मीद कर रहे हैं, जहाँ इस बातचीत को आगे बढ़ाया जाएगा। अब तक की बातचीत काफी सकारात्मक और रचनात्मक



रही है। इस संबंध में जो भी आगे की जानकारी होगी, हम आपको अपडेट करते रहेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो (अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद) पर उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े आपके दूसरे सवाल पर मैं यही कहूँगा कि मैंने वह पोस्ट नहीं देखी है। हालांकि, किसी भी तरह का नस्लवाद, दुनिया में कहीं भी हो, पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## 20 लाख के शेयर, दहेज प्रताड़ना, अबॉर्शन...

### ट्विशा शर्मा परिवार के गंभीर आरोप

**भोपाल**

**अभिनेत्री**-मॉडल ट्विशा शर्मा की रहस्यमय मौत के मामले में सीबीआई ने उनकी सास (रिटायर्ड जज) गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार किया है. इसके बाद अब इसमें दहेज हत्या का भी एंगल सामने आ रहा है. जांचकताओं का मानना है कि सबूतों को नष्ट करने, डिजिटल हेरफेर करने और 12 मई की रात को भोपाल के एक प्रतिष्ठित परिवार में क्या हुआ था, उसे छिपाने का संभावित प्रयास भी शामिल हो सकता है.

**इन प्वाइंट्स पर सीबीआई कर रही फोकस**

3 दिन तक चली 10 घंटे की पूछताछ, मौके पर सत्यापन, फोरेंसिक मैपिंग और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच के बाद सीबीआई ने सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में ट्विशा शर्मा की सास गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार किया है. ट्विशा का पति समर्थ सिंह पहले से ही हिरासत में है.

ट्विशा के परिवार के आरोप

ट्विशा के परिवार की ओर से कोर्ट में पेश दस्तावेजों के मुताबिक कथित तौर पर बेटी की शादी के तुरंत बाद ही परेशानी शुरू हो गई थी. परिवार के सदस्यों का आरोप है कि शादी के दौरान लाए गए उपहार और दहेज को बार-बार उनके स्तर से नीचे बताया गया. जांचकताओं के मुताबिक वियतनाम से लौटने के बाद ट्विशा



को ताने मारे गए और जब यह पता चला कि उनके पास कई कंपनियों में शेयर हैं, तो तनाव और बढ़ गया. ट्विशा के पास लगभग 20 लाख के शेयर थे. उनके परिवार का आरोप है कि समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह दोनों ही इन शेयरों को अपने नाम पर ट्रांसफर करवाना चाहते थे. जांचकर्ता अब इस बात की पड़ताल कर रहे हैं ।

## आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को कोर्ट से राहत मिलने पर संजय सिंह बोले

**रामपुर**

**सपा** नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान को दोहरे पासपोर्ट मामले में सत्र अदालत से राहत मिली है. सात साल की सजा को कोर्ट ने रद्द कर दिया. इस पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है.

संजय सिंह ने कहा, "आजम खान साहब और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम लगातार बीजेपी सरकार ने झूठे मुकदमे लगा-लगाकर जेल में डाला. एक बार वो किसी मामले से बरी होते हैं, जेल से निकलकर बाहर आते हैं फिर दूसरा मामला



लगाकर जेल भेज देते हैं. ये मैं समझता हूं कि ये लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है. विपक्ष को इस तरह से कुचलने काम लेकिन अब वो (बीजेपी) ईडी पार्टी है तो अपनी आदत से मजबूर हैं."

आप सांसद ने आगे कहा, "जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, पुलिस का दुरुपयोग ये बीजेपी की नश नश में भरा हुआ है। आज अब्दुल्ला

### पंजाब पर कांग्रेस की बड़ी बैठक

## राहुल के सामने ही भिड़ गए दो बड़े नेता

**पंजाब**

**पंजाब** में पार्टी को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार (29 मई 2026) को राज्य कांग्रेस नेताओं की हाईकमान के साथ बैठक हुई. इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई नेता शामिल हुए. सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में केंद्रीय नेतृत्व के



सामने पंजाब के कांग्रेस नेताओं के बीच हुई तीखी नोकझोंक हुई.

प्रताप सिंह बाजवा मीटिंग से बाहर निकले

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा नाराज हो गए और बैठक से निकल गए. उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी बात केंद्रीय नेतृत्व के सामने रख दी है.' दरअसल निकाय चुनाव में आज आए परिणामों को लेकर प्रताप सिंह बाजवा प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के ऊपर आरोप लगा रहे हैं. कांग्रेस के कई नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने कहा कि जिसके ऊपर पूरे प्रदेश को जिताने की जिम्मेदारी है वह अपना गृह जिला भी नहीं जीत सके.

बैठक में मतभेद खुलकर सामने आए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में पंजाब कांग्रेस के नेताओं और कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई. यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है ।

## देश की सुरक्षा सबसे पहले...

**बिहार**

**कूच** बिहार जिले के तीन निवासियों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए अपनी जमीन का एक हिस्सा दान किया है। निवासियों ने बताया कि यह कदम सुरक्षा चिंताओं के कारण उठाया गया है, क्योंकि वर्षों से उचित बाड़ न होने के कारण घुसपैठ, तस्करी और कृषि भूमि को नुकसान हो रहा था। यह घटनाक्रम बंगाल में इस महीने की शुरूआत में सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद सीमावर्ती बुनियादी ढांचे के लिए जमीन सौंपने के व्यापक अभियान के बीच आया है। जमीन दान करने वाले या दानदाताओं से जुड़े निवासियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाड़ लगने से गांव और आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा में सुधार होगा, वहीं राज्य सरकार ने भी चौकियों और कांटेदार तार की बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

भूमि दानदाताओं में से एक बिकाश राय ने कहा कि यह भूमि गांव के कल्याण और देश की सुरक्षा के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि बाड़बंदी से घुसपैठियों को सीमा पार करने से रोका जा सकेगा और इसके पूरा होने पर गांव और देश दोनों अधिक सुरक्षित हो जाएंगे।

## जब बीआईपी को नहीं बचा सका सिस्टम

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पॉश इलाके हौज खास में बुधवार रात करीब 11:10 बजे एक चौंकाने वाला हादसा हो गया. घर के ग्राउंड फ्लोर पर लगे एयर कंडीशनर (एसी) की इंडोर यूनिट में ब्लास्ट होने से भीषण आग लग गई. धुएं से दम घुटने के कारण 80 वर्षीय पूर्व IAS अधिकारी धनेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे को गंभीर हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है.

धनेंद्र कुमार हरियाणा कैडर के 1967 बैच के वरिष्ठ IAS अधिकारी थे. वे विश्व बैंक के पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और देश के पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग चेयरमैन रह चुके थे।

## पंजाब निकाय चुनाव में आप की जीत पर सीएम मान की पहली प्रतिक्रिया

**पंजाब**

**पंजाब** में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार (29 मई) को नगर निकाय चुनावों में शानदार जीत दर्ज की. अब इस पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि आज के स्थानीय निकाय चुनाव नतीजों ने ये बता दिया है कि 2027 में आम आदमी पार्टी और ज्यादा बड़े बहुमत से राज्य में सरकार बनाएगी. 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए माहौल इससे बेहतर हो ही नहीं सकता.

उन्होंने कहा, "पंजाब के स्थानीय निकाय चुनाव में लोगों ने जहां आम आदमी पार्टी के काम पर



**'2027 का माहौल इससे बढ़िया हो ही नहीं सकता'**

मुहर लगाई है. वहीं, बीजेपी की नफरत और धर्म और जाति के नाम पर बांटने वाली राजनीति को नकार दिया है. पंजाब के लोगों ने सेक्युलरिज्म को चुना है."

बीजेपी पांचवें नंबर पर है- भगवंत मान

सीएम भगवंत मान ने बीजेपी और अन्य विरोधी पार्टियों को घेरते हुए आगे कहा, "अभी तक तो यही पता नहीं चल रहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी के मुकाबले में कौन है. इन चुनावों में शहरी और बड़े कस्बे के लोगों ने वोट डाली थी. बीजेपी कहती थी कि शहरी वोटर उनके साथ हैं लेकिन बीजेपी पांचवें नंबर पर है. हमारी सीटें कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी तीनों को मिला ले तब भी ज्यादा है. 90 प्रतिशत से ज्यादा नगर पंचायत और नगर परिषद में आम आदमी पार्टी जीत गई है।

## कांग्रेस सांसद के साथ लंच के बाद ऑटो ड्राइवर बोले

### हमने राहुल गांधी से अपना दुखड़ा सुनाया- ऑटो ड्राइवर

**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार (29 मई) को दिल्ली में ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे. जहां वो बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आए. राहुल गांधी ने उनके बीच बैठकर लंच किया. उन्होंने ऑटो ड्राइवर्स के साथ सीएनजी की बढ़ती कीमत और महंगाई के मुद्दे पर बातचीत की.

राहुल गांधी से मिलने के बाद बिहार के दरभंगा के रहने वाले एक ऑटो ड्राइवर ने कहा, "मैंने राहुल गांधी के साथ खाना-पीना किया. रोटी-सब्जी खाए. हमने उन्हें अपनी समस्या बताईं. हर दिन 2 रुपये प्रति



किलो गैस के दाम बढ़ रहे हैं, उसे लेकर हमने राहुल गांधी से कहा कि हमारी इस बात को संसद में उठाएं. हमने उन्हें यह भी बताया कि हमारे बच्चों ने पढ़ाई पूरी कर ली है, लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा. उन्होंने कहा कि वे हमारी समस्या संसद में उठाएंगे. वे हमें बीमा भी दिलवाएंगे."

हमने राहुल गांधी से अपना दुखड़ा सुनाया- ऑटो ड्राइवर

राहुल गांधी से मुलाकात पर एक अन्य ऑटो ड्राइवर ने बताया, "गैस महंगी है, हमने राहुल गांधी से अपना दुखड़ा सुनाया ताकि आगे जाकर हमें कोई सुविधा मिले. राहुल गांधी ने कहा कि हम आपकी समस्याओं को सुलझाने के लिए विचार करते हैं. आगे उनकी टीम आती है तो कुछ न कुछ करेंगे."

पेट्रोल और सीएनजी के दाम हर दिन बढ़ रहे- ऑटो ड्राइवर

बिहार के मोतिहारी के रहने वाले एक दूसरे ऑटो ड्राइवर ने कहा, "राहुल गांधी से महंगाई और गरीबी को लेकर बातचीत हुई. सीएनजी के दाम हर दिन बढ़ रहे हैं.

पेट्रोल की कीमत भी बढ़ रही है. ये ऑटो साढ़े आठ लाख रुपये की मिली है।

# हंडिया सड़क हादसे में मीरगंज के दंपती समेत तीन की मौत, गांव में पसरा मातम



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** हंडिया-सैदाबाद के मध्य शुक्रवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मीरगंज क्षेत्र के रामपुर चौथार गांव निवासी एक दंपती और उनके एक रिश्तेदार की मौत हो गई। उनका बेटा घायल हो गया। बेटी के घर जाते समय हुए इस हादसे की खबर जैसे ही देर शाम गांव पहुंची, पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, रामपुर चौथार गांव निवासी राकेश तिवारी (65) अपने परिवार के साथ मुंबई में रहते थे। करीब एक माह पूर्व ही वह



अपनी पत्नी प्रभावती 62 के साथ गांव आए हुए थे। बीते बृहस्पतिवार को यह दंपती भदोही जिले के मोढ़ हरिपट्टी गांव स्थित अपने मामा के घर गया हुआ था। शुक्रवार सुबह राकेश अपनी पत्नी प्रभावती के साथ कार से प्रयागराज के सैदाबाद स्थित अपनी बेटी के घर जा रहे थे। कार उनके मामा का नाती शुभम दुबे निवासी हरिपट्टी चला रहा था। बताया जा रहा है कि सैदाबाद पहुंचने से पहले ही उनकी कार बस से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंदक में जा पलटी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार राकेश, उनकी पत्नी प्रभावती और चालक शुभम तीनों की जान चली गई।जबकी राकेश तिवारी का लडका राहुल तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। रामपुर चौथार स्थित उनके घर पर कोई मौजूद नहीं था, जिसके चलते ग्रामीणों को भी घटना की भनक तुरंत नहीं लग सकी। देर शाम जब हादसे की मनहूस खबर गांव पहुंची, तो वहां मातम छा गया। गांव के हर शख्स की आंखें नम हो गईं और पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीण संजय ने बताया कि मृतक राकेश तिवारी के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जो इस खबर के बाद से गहरे सदमे में हैं।

# 15 दिन बाद फिर चक्रवाती तूफान : मकान पेड़ गिरे, सड़कें घंटों बाधित रहीं





अखंड भारत संदेश

**मांडा।** इलाकाई मांडा क्षेत्र के खावास का तारा, बघौरा मुख्य मार्ग, मांडा खास, गिरधरपुर और राजापुर सहित कई सड़कों पर विशाल पेड़ गिर गए। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर पेड़ों की डालियां काटकर रास्ते साफ किए, जिसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

एक ही महीने में दो बार चक्रवाती तूफान आने से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। इस बार तूफान के साथ बारिश भी हुई, जिससे घरों में रखा सामान और अनाज भीगकर खराब हो गया। कई घरों की छतें उड़ गईं, जिससे लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

यमुनापार क्षेत्र में 15 दिन के भीतर दूसरी बार आए चक्रवाती तूफान ने भारी तबाही मचाई है। शुक्रवार रात आए तेज तूफान और बारिश से कई मकानों, पेड़ों और बिजली के खंभों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन घंटों बाधित रहा।

गिरधरपुर गांव में डॉ. जहीर खान के मकान की दूसरी मंजिल की दीवार गिर गई। गनीमत रही कि तूफान रात में आया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इसी तरह चुन्नू चौहान और पांडे के छप्पर व टिन शेड भी उड़ गए। इसी तरह राम प्रताप यादव निवासी मांडा खास के कच्चे घर पर विशाल पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ वही मांडा सीएचसी के मुख्य गेट के बाउंड्री



पर विशाल आम का पेड़ गिरने से ध्वस्त हो गया है ' ऐसे ही मांडा क्षेत्र में सरकारी एवं गैर सरकारी संपत्तियाँ नुकसान हुआ है ' और सड़क पर बने गड्ढों में बरसात का पानी भरने से सड़क गड्ढे में तब्दील होकर ताल तलैया बन कर रह गई है।

# ग्राइंडर मशीन से गला रेतकर युवक ने कर ली आत्महत्या, पत्नी से चल रहा था विवाद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** फूलपुर कस्बे के कोहना मोहल्ला निवासी शाहरुख उर्फ अतीक (30) पुत्र मोहम्मद हबीब की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी। उसके एक बेटा भी है। परिजनों ने बताया कि अतीक का पति-पत्नी के बीच काफी दिनों से पारिवारिक न्यायालय में विवाद चल रहा था। परिजनों ने बताया कि उसने परामर्श केंद्र में भी आवेदन किया था। जिस पर उसकी पत्नी अभी एक दिन पहले ही घर लौटी थी।परिजनों के मुताबिक रात करीब 2 बजे के बाद युवक ने घर में रखी ग्राइंडर मशीन को गले पर लगाकर चालू कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार मे चीख पुकार मच गई। मौके पर आसपास के लोगों की भी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव से जुड़ा सामने आ रहा है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। - विवेक यादव, सहायक पुलिस आयुक्त, फूलपुर

# 400 केवी का ट्रांसफार्मर धू धू कर जला, घरों में छाया अंधेरा

**जसरा।** जसरा लाइनपार बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल लगा 400 केवी का ट्रांसफार्मर भीषण गर्मी के चलते गर्म होकर धू धू कर जल गया। जिससे सैकड़ों घरों में अंधेरा छा गया है। स्थानीय लोग भीषण गर्मी में पूरी रात रात जागकर बिताने के लिए बजबूर हैं। साथ ही लोगों के सामने पानी का संकट गहरा गया है।

गुरुवार की देर रात लगभग एक बजे रात अचानक बिजली गुल हो गई। सुबह ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने जब देखा तो बिजली विभाग को फोन कर बिजली विभाग को सूचना दिया। कुछ लोग ट्रांसफार्मर पर पानी् डालकर आग बुझाते दिखाई दिए। लेकिन ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर लगभग दो साल पूर्व में लगाया गया था।बिजली का लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया। वहीं बिजली उपभोक्ताओं ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने व जल्द जले ट्रांसफार्मर को बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। लोगों ने बताया कि दिन तो किसी तरह से बिता लिया जाता है। सबसे अधिक पानी के लिए इस भीषण गर्मी में दर दर भटकना पड़ रहा है। वहीं रात भर बच्चे इस भीषण गर्मी में परेशान रहते हैं।

## न्यूज झरोखा

### अधिक मास के पावन पर्व पर भक्त रहे भक्ति में लीन, पड़िला के प्रसिद्ध मंदिर पाण्डेश्वर नाथ धाम में भोर से ही भक्तों की रहती है भारी भीड़

**थरवई।** प्रयागराज के प्रसिद्ध मंदिर पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में भक्तों की होती है भारी भीड़। जहां श्रद्धालुओं का भोर से ही भगवान भोले नाथ मंदिर में जलाभिषेक का क्रम शुरू हो जाता है। ऐसी मान्यता है की जो भी भक्त अपने सच्चे मन से उन्हें याद करता है तो उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जहां पर श्रद्धालु हर सोमवार को व्रत भी रखते हैं। हर तीन साल में आने वाले अतिरिक्त चंद्र मास को अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। यह समय भगवान विष्णु पुरुषोत्तम को समर्पित होता है, इसलिए इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। जो अधिका मास का पर्व चल रहा है। इस दौरान दान, जप और पूजा-पाठ का फल कई गुना अधिक मिलता है वहीं मिले की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरूण पाराशर व थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर निगरानी बनी रहती है जहां पर मंदिर प्रांगण में पुलिस टीम में भी मौजूद रहती हैं जिस किसी भी प्रकार की व्यवस्था उत्पन्न ना हो सके। पांडेश्वर नाथ धाम पड़िला मंदिर प्रयागराज के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है जो प्रयागराज के पंचकोषी परिक्रमा अंतर्गत आता है।




### शिव-पार्वती विवाह प्रेम, तपस्या व भक्ति का प्रतीक : अतुल महाराज

**जंघई।** शिव महापुराण कथा के पाचवें दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का वर्णन किया गया कथा व्यास ने प्रेम, तपस्या और भक्ति के प्रतीक इस विवाह पर प्रकाश डाला। श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा सुनने आए, और पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज जंघई मंदिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक अतुल दास महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि शिव-पार्वती विवाह प्रेम, कठोर तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक है। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। माता पार्वती की तपस्या कथावाचक ने बताया कि माता सती द्वारा पिता दक्ष के यज्ञ में आत्मदाह करने के बाद उनका पुनर्जन्म हिमालय राज के घर माता पार्वती के रूप में हुआ। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। कथा में भगवान शिव द्वारा कामदेव को तीसरी आंख खोलकर भस्म किए जाने तथा बाद में नारद मुनि के प्रयासों से शिव-पार्वती विवाह संपन्न होने का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, पंडित गंगा प्रसाद पांडेय, कथावाचक अशोकानंद महाराज, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, अशोक तिवारी, बद्रीनाथ पांडेय, अखिलेश पांडेय, मनोज दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे?।



# माता कलावती कॉलेज में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम शुरू



**झूंसी।** माता कलावती कॉलेज के स्पेशल एजुकेशन प्रांगण में शुक्रवार से तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार के भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अनुमोदित इस कार्यक्रम का विषय समावेशी शिक्षा में पुनर्वास पेशेवर की भूमिका है।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की निदेशक प्रज्ञा तिवारी ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि संस्थान कई वर्षों से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और उनकी नियमित शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य वक्ता बचपन डे केयर सेंटर के समन्वयक चंद्रभान द्विवेदी ने समावेशी शिक्षा में पेशेवरों की भूमिका पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला। सुशील पाल के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए प्रोफेशनल्स के साथ डॉ. नीरज तिवारी, अवनीश यादव, दीपक त्रिपाठी सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# वृद्धा ने घर में फांसी लगाई : बेटे की मौत के बाद मनोदशा विकार से थीं पीड़ित

अखंड भारत सन्देश

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के दिघिया गांव में गुरुवार रात एक 70 वर्षीय वृद्धा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, वृद्धा शांती देवी अपने बेटे की मौत के बाद से मनोदशा विकार से ग्रस्त थीं। यह घटना गुरुवार रात लगभग आठ बजे हुई, जब शांती देवी ने अपने कच्चे घर में साड़ी से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर दिघिया पुलिस चौकी और मांडा थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया।

शांती देवी के बड़े बेटे राजीव कांत की पांच साल पहले ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। तब से वह अपनी बहू लालती देवी, दो नातियों रुपेश और रीतेश, तथा



एक नातिन के साथ रह रही थीं। उनका दूसरा बेटा राम निधि पिछले चार साल से परिवार सहित गोवा में रहता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पति और बेटे की मौत के बाद शांती देवी मनोदशा विकार, आर्थिक तंगी और अन्य पारिवारिक कठिनाइयों से परेशान थीं। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में महिला द्वारा मनोदशा विकार के कारण आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

# पाइल्स जैसी गंभीर बीमारी पर लोगों में जागरूकता जरूरी : डॉ. अनुज विश्वास

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** परोपकार सेवा संगठन सहसों के तत्वावधान में सहसों बाईपास पर स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को लगातार बढ़ रही पाइल्स (बवासीर) की समस्या, उसके कारण, बचाव एवं आधुनिक उपचार के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता डॉक्टर अनुज विश्वास ने कहा कि पाइल्स एक बेहद संवेदनशील बीमारी है, जिसके बारे में लोग शर्म और संकोच के कारण खुलकर बात नहीं कर पाते। जागरूकता की कमी के चलते कई मरीज समय पर उपचार नहीं करा पाते, जिससे समस्या गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं को ऐसे रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने और मरीजों का सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने पाइल्स से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि लोगों को अपने भोजन में हरी सब्जियां, फल एवं साबुत अनाज शामिल करना चाहिए ताकि पाचन तंत्र स्वस्थ रहे। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, शौच को अधिक समय तक न रोकना तथा नियमित दिनचर्या अपनाना इस बीमारी से बचाव में सहायक है। उन्होंने बताया कि आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से पाइल्स का बिना दर्द एवं सुरक्षित इलाज संभव है। डॉक्टर हेमा विश्वास ने भी उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी चंद्र प्रकाश केसरवानी ने संगोष्ठी में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रजत मिश्रा, पवन तिवारी, राजीव यादव, सूर्य यादव, रंजना सिंह, तारिणी कनौजिया, आरती श्रीवास्तव, अनीता गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान और वज्रपात को लेकर प्रशासन अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले में मौसम के अचानक बदलते मिजाज और आंधी-तूफान के साथ वज्रपात की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। लोगों से खराब मौसम के दौरान विशेष सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

प्रशासन की ओर से कहा गया है कि तेज आंधी के दौरान टिन की छत, होर्डिंग, जर्जर मकान, पेड़, बिजली के खंभे और मोबाइल टावर के पास खड़े होने से बचें। घरों के बाहर या छतों पर रखी भारी वस्तुओं को सुरक्षित तरीके से बांधकर रखें, ताकि तेज हवा में वे उड़कर नुकसान न पहुंचाएं। यात्रा के दौरान मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी गई है।एडवाइजरी में लोगों को खुले में धारदार और नुकीली वस्तुएं न रखने तथा धातु से बनी चीजों के उपयोग से बचने की हिदायत दी गई है। साथ ही पेड़ों के नीचे शरण न लेने को कहा गया है।

वज्रपात से बचाव के लिए प्रशासन ने लोगों से पक्के मकानों में रहने, खिड़की-दरवाजों और बरामदों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। खराब मौसम के दौरान बच्चों को बाहर खेलने न भेजने और लोहे की खिड़कियों, दरवाजों व हैंडपंप को न छूने की सलाह दी गई है।खुले खेत में फंसने की स्थिति में लोगों को दोनों कान बंद कर पैरों को सटाकर उकडू बैठने की सलाह दी गई है। वहीं तालाब, जलाशय, मोबाइल टावर और बिजली के खंभों से दूर रहने को कहा गया है।प्रशासन ने बताया कि मौसम और आकाशीय बिजली की सटीक जानकारी के लिए ह्यदामिनीह्व और ह्यसचेतह्व मोबाइल एप उपयोगी साबित हो सकते हैं। इन एप के जरिए समय रहते चेतावनी और अलर्ट प्राप्त किए जा सकते हैं।इसके अलावा लोगों को भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग करने, धातु वाले छाते का इस्तेमाल न करने और खराब मौसम के दौरान खुले वाहनों, तैराकी या नौकायन से बचने की भी सलाह दी गई है।

# नसब का पत्थर उखाड़ फेंकने का आरोप, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक नया मामला सामने आया है। गांव निवासी रामजीयावन ने आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग द्वारा जमीन की पैमाइश के बाद लगाए गए नसब के पत्थर को दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। मामले में पीड़ित ने थाना उतरांव में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, रामजीयावन ने अपनी जमीन के विवाद को लेकर एसडीएम हंडिया



के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर एसडीएम हंडिया ने जमीन की पैमाइश कराने का आदेश जारी किया। आदेश के अनुपालन में 20 मई को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जमीन की पैमाइश कर सीमांकन के लिए नसब का पत्थर लगवाया गया।

पीड़ित का आरोप है कि पैमाइश के कुछ दिन बाद ही गांव के कुछ दबंगों ने नसब का पत्थर उखाड़ कर फेंक दिया। जब रामजीयावन ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने एसडीएम हंडिया को लिखित शिकायत दी। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक ईश्वर चंद्र ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां नसब का पत्थर उखड़ा हुआ पाया गया। राजस्व निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट 26 मई को एसडीएम हंडिया को सौंप दी है। इसके अलावा पीड़ित ने थाना उतरांव में भी पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर जब एसीपी हंडिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नसब का पत्थर उखाड़े जाने की शिकायत मिली है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम सख्त, महापौर ने दिए कड़े निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर निगम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। महापौर गणेश केसरवानी ने अधिकारियों के साथ शहर की सफाई व्यवस्था, नाला सफाई, सीवर प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश दिए।

महापौर ने आगामी मानसून को देखते हुए नालों की दोबारा जांच कराने और जलभराव की समस्या रोकने के लिए समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। महापौर ने हर वार्ड में मुहल्ला कमेटियों के गठन और नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय स्तर पर सफाई और अन्य समस्याओं का समाधान किया जा सके। व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए गए। महापौर ने कहा कि शराब की दुकानों समेत जिन प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन नहीं मिलेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शहर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुधारने के लिए अंधेरे क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने और खराब लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया गया।

बैठक में प्रत्येक वार्ड में योगा सेंटर स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि इससे लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

बैठक में नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, सहायक नगर आयुक्त शिखा, मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, मुख्य अभियंता संजय कटियार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## उद्यमियों की समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

फूलपुर औद्योगिक आस्थान की भूमि संबंधी मामले में उप जिलाधिकारी को जल्द कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं यूपीसीडा अधिकारियों ने कैफेटेरिया और कम्युनिटी हॉल में चल रहे कार्यों तथा सड़क पर पड़े बिजली के पोल हटाने की जानकारी दी।

मिनी औद्योगिक आस्थान सोरांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने और भूमि पैमाइश के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में नैनी एयरोस्पेस लिमिटेड के लंबित प्रकरण के निस्तारण पर संतोष जताया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

## फर्जी प्रशमन शुल्क रसीद बनाकर वाहन छुड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जार्जटाउन पुलिस ने परिवहन विभाग की फर्जी और कूटरचित प्रशमन शुल्क रसीद बनाकर वाहन रिलीज कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीव कुमार सिंह उर्फ मुन्ना निवासी हुल्ला का पूरा, बगबना डांडो थाना घूरपुर के रूप में हुई है। आरोपी को शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर हरिनगर रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया।

जार्जटाउन थाना में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचना समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस का आरोप है कि आरोपी परिवहन विभाग की फर्जी प्रशमन शुल्क रसीद तैयार कर वाहनों को रिलीज कराने का काम करता था।

पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पूछताछ में आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज कई आपराधिक मुकदमों की जानकारी भी सामने आई है। इनमें चोरी, अवैध खनन और धोखाधड़ी से जुड़े मामले शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह समेत जार्जटाउन थाने के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## बसपा में ब्राह्मणों का सम्मान हमेशा रहा है एक राजनैतिक मुद्दा : चांद मोहम्मद चंदू



**मेजा।** बहुजन समाज पार्टी में ब्राह्मणों का सम्मान हमेशा एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी के सत्ता में लौटने पर ब्राह्मणों को पूरा सम्मान देने और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्हें प्रतिनिधित्व देने का संकल्प लिया है। उक्त बातें मेजा तहसील क्षेत्र के भारतगंज निवासी एवं बसपा नेता चांद मोहम्मद चंदू ने एक औपचारिक वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बसपा की ब्राह्मण नीति और विचारधारा सर्वजन हिताय' का नारा बसपा ने अपने मूल नारे 'बहुजन हिताय' से आगे बढ़कर सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की विचारधारा अपनाई है,जिसके तहत पार्टी सभी जातियों,विशेषकर ब्राह्मण समाज को अपनी नीतियों में जोड़ती है। श्री चंदू ने कहा कि मायावती के मुख्यमंत्रित्व काल में ब्राह्मण समुदाय के कई नेताओं को महत्वपूर्ण मंत्री पद और प्रशासनिक जिम्मेदारियां दी गई थीं।चुनावी रणनीतिः पार्टी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भी ब्राह्मण मतदाताओं को साधने हेतु लगातार प्रयासरत है और उन्हें यह भरोसा दिला रही है कि उनके हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी।

## पीडीए का अवैध प्लाटिंग पर बड़ा एक्शन करीब 10 बीघा जमीन पर ध्वस्तीकरण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने गुरुवार को जोन-1, उपजोन-1बी के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान विष्णापुरी रसूलपुर क्षेत्र में करीब 10 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, आराजी संख्या 211, 344, 114, 320, 117, 309, 311, 119, 323, 110, 73 एवं 109 पर कुछ लोगों द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के अवैध रूप से प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। पीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण एवं प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रवर्तन टीम के साथ थाना पूरामुफ्ती पुलिस भी मौजूद रही।

पीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लाटिंग अवैध है और इसके खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंडों की खरीद-फरोख्त से बचें।

इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सुपरवाइजर सहित पीडीए की प्रवर्तन टीम शामिल रही।

## तेजी आंधी-तूफान के साथ जमकर हुई बारिश शहर से लेकर गांव तक मचा कोहराम

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में गुरुवार की देर रात दो बजे के बाद तेज आंधी और तूफान के साथ हुई बारिश से शहर से लेकर गांव तक कोहराम मच गया। दर्जनों पेड़ और कच्चे मकान, टिनशेड उड़ गए। जिसमें दबकर कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों की मौत की भी सूचना मिली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 80 से 100 किलोमीटर के बीच तेज आंधी, बादल गरजने, बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की तरफ से भी अलर्ट जारी किया गया था। लोगों को आंधी व बारिश के दौरान घर से बाहर नहीं निकलने को कहा गया है। इस बीच मौसम में बदलाव का असर गुरुवार को भी देखने को मिला। सुबह के समय आसमान में बादलों का जमावड़ा रहा। इस बीच तेज हवाएं चलती रहीं। हालांकि, सुबह सात बजे के बाद आसमान साफ हो गया। मगर तेज हवाओं के चलते धूप का प्रभाव कम रहा। ऐसे में पिछले 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान में 5.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की तरफ से आंधी व बारिश की चेतावनी गुरुवार की रात से लेकर 31 मई शनिवार तक के लिए जारी की गई है। अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को 37, शनिवार को 34 व रविवार को 33 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान है।

**सावधानियां :** 1-अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। 2-कमजोर मकानों, कच्चे भवनों व टिन शेड से दूर रहें। 3-पेड़, बिजली के खंभे, मोबाइल टावर, होर्डिंग व निमार्णाधीन भवनों के पास खड़े न हों। 4-वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी बरतें। 5-हेलमेट अवश्य पहनें व सुरक्षित स्थान पर रुकें। 6-वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें। 7-घरों की खिड़कियां, दरवाजे व छत पर रखी ढीली वस्तुएं सुरक्षित कर लें। 8-वज्रपात के दौरान खुले मैदान, खेत, छत व ऊंचे स्थानों पर न रहें। 9-पेड़ के नीचे शरण न लें।

# कलश यात्रा से शुरू हुए औता के धार्मिक आयोजन में उमड़ा क्षेत्र के महिलाओं का सैलाब

### उरुवा की ब्लॉक प्रमुख आरती पप्पू गौतम के आवास औता में आयोजित है सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा पाठ, आयोजन को लेकर की गई है भव्य तैयारियां,कथा श्रवण करने हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की है संभावना

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खंड उरुवा की ब्लॉक प्रमुख आरती पप्पू गौतम के आवास औता में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्ध भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोठारी गंगा घाट से पवित्र गंगा जल भरकर औता महावीर मंदिर पहुंचे जहां श्री हनुमान जी की पूजा - अर्चना के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कलश यात्रा कथा स्थल के लिए रवाना हुई। इस भव्य कलश यात्रा में बड़ी तादात में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर आयोजन की जहां भागीदार बनीं वहीं श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। इस दौरान कलश



कलश यात्रा में ब्लाक प्रमुख आरती पप्पू गौतम

यात्रा शामिल माताओं, बहनों एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं भक्तों ने गाजे-बाजे की भक्ति मय गीतों की धुन पर जय श्रीकृष्ण के उद्घोष के साथ नाचते झूमते गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं के उत्साह और जयकारों से इलाके का वातावरण भी पूरी तरह श्रद्धा और भक्तिमय हो गया था। आयोजन में पहुंचे भक्तों एवं अतिथियों को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र भेंट किए गए।



कलश यात्रा में शामिल क्षेत्र की महिलाएं

कथा के मुख्य यजमान श्रीमती कलनी देवी और हीरा प्रसाद गौतम रहे,जिन्होंने भागवत गीता सिर पर रखकर कलश यात्रा में शामिल रहे। इस धार्मिक आयोजन में रज्जन गौतम और भोला गौतम की बेहद अहम एवं सराहनीय भूमिका रही। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में भव्य तैयारियां की गई थी। कथा की आयोजक ब्लाक प्रमुख आरती पप्पू गौतम ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा के पहले प्रत्येक दिन हनुमान जी पूजा अर्चना की जाएगी। कथा वाचन पूज्या पंडित गौरांगी गौरी द्वारा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। ब्लाक प्रमुख आरती पप्पू गौतम ने यह भी बताया कि पांच जून को पूणार्हुति और हवन होगा तथा 6 जून को महाप्रसाद वितरण व विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि कथा को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह है जिसके मद्देनजर कथा के रसपान हेतु प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## घर का बुझा चिराग : माहिला आरक्षी की दर्दनाक मौत

- ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला आरक्षी की हुई मौत
- 27 अप्रैल 2026 को मिली पहली पोस्टिंग और 28 मई 2026 को हुआ हादसा : एक माह रहा ड्यूटी का सफर

अखंड भारत संदेश





**थरवई।** पढ़ लिखकर बेटी ने अपने लक्ष्य को हासिल करते हुएअपने मुकाम को किया हासिल। जहां उस बेटी ने उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में जाने का संकल्प लिया और अपनी मंजिल में कामयाब होते हुए बेटी ने गर्व से अपने माता - पिता व क्षेत्र नाम गर्व से ऊँचा किया। बेटी का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हुआ और लखनऊ में ट्रेनिंग पूरी की और विनीता को जनपद प्रयागराज के गंगानगर अंतर्गत थाना थरवई में पहली पोस्टिंग मिली और 27 अप्रैल को उन्होंने ज्वाइन करते हुए ड्यूटी पर कार्यरत रहीं। तभी 28 मई 2026 को हुआ बड़ा हादसा जो दुखद घटना रही। 28 मई को महिला आरक्षी विनीता थाना थरवई पर ड्यूटी आयी और शाम करीब सात बजे जब जाने लगी, जैसे ही उन्होंने थाने से निकलकर स्कूटी से अपने रूम के लिए जा रही थी की सड़क पार करते समय सहसों मार्ग की ओर सीमेंट से लादा ट्रैकर आ रहा था की उसके चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई तभी कई पुलिस कर्मी आये आरक्षी महिला को अस्पताल के लिए ले जाया गया। काफी गंभीर चोट के कारण मौत हो गई। और वही मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। जिसको लेकर मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम हेतु भेजा गया और घटना सूचना पर एसीपी थरवई अरुण पाराशर मौके पर पहुँचकर अग्रिम कार्यवाही व जाँच पड़ताल में जुटे रहे। उन्होंने बताया की चालक छान बीन की जा रही ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। परिवार वालों को भी घटना की सूचना दी गई। इस बड़ी दुखद घटना से पूरे पुलिस परिवार भी शोक में रहा और पीएम होने के बाद बॉडी को पुलिस लाइन लाया गया जहां उसकी अंतिम विदाई सलामी के साथ दिया गया और बॉडी को सम्मान के साथ उनके परिवार वालो को सौपते हुए बॉडी को भेजा गया जहां पीड़ित परिवार द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा। इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया की विनीता चार बहने और एक भाई जो बहन में दूसरे नंबर की थी। इस दुखाद घटना से घरवालों का रो रो कर बुरा हाल रहा। विनीता मूलरुप से जनपद सोनभद्र के ग्राम तेन्दुपुर धुरवल की निवासी हैं।

## मेजा में बीती रात तेज आंधी तूफान और मूसलाधार बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित

**मेजारोड स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार रहा भारी जलजमाव, अंडर पास पुल में भी भरा पानी,लोगों के आवागमन में हुई परेशानी**

अखंड भारत संदेश





**मेजा।** क्षेत्र में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। नौतपा के बीच हुई इस बारिश

से भीषण गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन जगह-जगह हुए जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं है। सुबह धूप निकलने के बाद एक बार फिर उमस भरी गर्मी महसूस की गई। मेजारोड रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भारी जलभराव के कारण शुक्रवार सुबह स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्टेशन पहुंचने वाले लोग पानी से होकर गुजरने को मजबूर हुए, जबकि कई यात्रियों को पार्क की रेलिंग

पकड़कर स्टेशन के भीतर प्रवेश करना पड़ा। स्टेशन परिसर में स्थित विद्युत आपूर्ति केंद्र तक भी बारिश का पानी पहुंच गया था, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति चिंताजनक बनी रही।इसके अलावा,अंडरपास पुलिया में पानी भर जाने से राहगीरों का आवागमन भी प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को विशेष रूप से

दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण रातभर कई इलाकों में बिजली

आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। हालांकि बिजली कर्मियों ने युद्धस्तर पर काम करते हुए सुबह तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी,जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

# भीषण गर्मी में आपूर्ति व्यवस्था का लचर प्रबंधन सरकार की नाकामी : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के भयावह संकट को देखते हुए प्रदेश सरकार से केन्द्र से अनुरोध कर वित्तीय मदद के जरिए फौरन बिजली क्रय किये जाने पर जोर दिया है। उन्होने कहा कि अदूरदर्शिता तथा लचर व्यवस्था के कारण इस समय प्रतापगढ़ समेत पूरा प्रदेश भीषण गर्मी में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से परेशान है। शुक्रवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने ननौती तथा रेहुआ लालगंज व मंगापुर एवं सांगीपुर के साथ लालगंज में कार्यकताओं तथा जनता से संवाद के जरिए कहा कि सरकार द्वारा वर्टिकल सिस्टम लागू करने से हुई संविदा कर्मचारियों कम संख्या के चलते विद्युत फाल्ट ठीक होने में अधिक समय लग रहा है। प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को लेकर व्यवस्था की बदहाली के बाबत उन्होनें बताया कि बीती पचीस मई को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को अलग अलग लिखे पत्र में गृह जनपद प्रतापगढ़ समेत पूरे प्रदेश में मांग के अनुरूप बिजली पैदा न होने से उत्पन्न आपूर्ति के संकट के बाबत कारगर सुझाव सरकार को सौंपा गया है। उन्होने कहा कि लगभग बीस हजार से अधिक इन कर्मियों की संख्या कम होने से फाल्ट ठीक होने में भी अधिक समय लग रहा है। उन्होने कहा कि सरकार का यह दावा पूरी तरह निराधार है कि पर्याप्त मेगावाट की बिजली आपूर्ति हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि आपूर्ति के दावे विद्युत उपकेन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती में स्वतः कलई खोल रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इधर डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ने से जनरेटर भी न चला पाने के कारण लोगों के सामने संकट और गहरा गया है। उन्होने कहा कि सरकार विद्युत परियोजनाओं को पूरी क्षमता के साथ संचालित करते हुए हर कीमत पर बिजली उत्पादन बढ़ाये। उन्होने क्षेत्र के बड़हुआं, पूरे भूसू, मदनगढ़ बेलहा, रामपुर, सराय संग्राम सिंह में भी लोगों से मुलाकात कर विधायक मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं के पूरा होने में सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, महेन्द्र सिंह, रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ल, लालजी यादव, आशीष उपाध्याय, मो0 असलम, डा0 चन्द्रेश सिंह, शीतला प्रसाद दुबे, जर्रार हुसैन, कल्लू पाण्डेय, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, महन्त द्विवेदी, पप्पू तिवारी, दारा सिंह, मुरलीधर तिवारी, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, दयाराम वर्मा, राममिलन यादव, श्याम नारायण तिवारी, उधम सिंह, छोटे लाल सरोज, लालजी पटेल, धीरेन्द्रमणि शुक्ला, उदयशंकर दुबे, जियाउल, श्रीश पाण्डेय, आसिफ खां, निजाम आदि रहे।

### बदलते मौसम का असर, सीएचसी पट्टी में मरीजों की भीड़

**पट्टी।** सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदलते मौसम का असर साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी और ओपीडी का आंकड़ा 500 के पार पहुंच गया। अस्पताल में सबसे ज्यादा सर्दी, जुकाम, बुखार, दस्त और उल्टी से पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंचे। सुबह से ही पर्चा काउंटर और डॉक्टर कक्ष के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर अस्पताल प्रशासन भी अलर्ट नजर आया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अखिलेश जायसवाल ने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव होने के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। गर्मी और उमस के चलते लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ओपीडी लगभग 500 के आसपास पहुंच गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है। डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि तेज धूप में कम निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और बाहर का दूषित भोजन खाने से बचें। वहीं अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने से स्वास्थ्य कर्मियों पर भी अतिरिक्त दबाव देखा गया।

## बाघराय में घातक हथियारों से हमला, घर में तोड़फोड़

**कुंडा।** थाना बाघराय क्षेत्र के ग्राम धनवसिया में सोमवार की शाम पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। लाठी-डंडा, सरिया, कुल्हाड़ी और दोनाली बंदूक से लैस होकर आए एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर हमला कर दिया। हमले में एक युवक के सिर पर कुल्हाड़ी का वार लगने से वह घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित छोटेलाल मिश्र पुत्र स्वर्गीय रमाकान्त मिश्र, निवासी ग्राम धनवसिया ने पुलिस को बताया कि 26 मई 2026 को शाम करीब आठ बजे अमर सिंह, श्याम प्रताप सिंह, रामू यादव, विजय यादव, कल्लू, रामदुलारे और रामपियारे उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी घातक हथियारों से लैस थे और एकजुट होकर आए थे।तहरीर के अनुसार आरोपियों ने छोटेलाल मिश्र को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान अमर सिंह ने छोटेलाल के नाती आदर्श मिश्र के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे आदर्श का सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर छोटेलाल, उनकी पत्नी और बड़े नाती आनंद आदर्श को बचाने के लिए घर के अंदर ले गए, लेकिन आरोपी घर में घुसकर तीनों के साथ मारपीट करने लगे और घर में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।छोटेलाल मिश्र का कहना है कि आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी बंदूक लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल आदर्श को पहले थाना बाघराय लाया गया, वहां से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आदर्श को स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर थाना बाघराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बाघराय पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है।

## नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने हेतु एडीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जनपद में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 31 मई 2026 को उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 16 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई की विशेष निगरानी रखी जाए, यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत पायी जायेगी तो कठोर कार्रवाई की जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि एक दिन पूर्व समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ले जिससे जो भी कमियां है उसे दुरूस्त करा ले। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने कहा कि पूर्व की भांति परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये, केन्द्रो पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, अवांछनीय गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। उन्होने बैठक में कहा कि संयुक्त बी0एड्0 प्रवेश परीक्षा की दिशा निर्देश पुस्तिका का सभी विधिवत अवलोकन कर लें और इसी के अनुरूप परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये। बैठक में सीओ लाइन शिव नारायण वैश सहित सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्नी को प्रेमी के साथ देख भड़का पति, गांव में घंटों चला हंगामा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रेड़ीगारापुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक ने अपनी पत्नी को कथित तौर पर घर के भीतर उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना के बाद घर में जमकर हंगामा हुआ और देखते ही देखते आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

बताया जाता है कि पति को काफी समय से अपनी पत्नी की गतिविधियों पर शक था। शुक्रवार को उसे सूचना मिली कि उसकी पत्नी घर में किसी युवक के साथ मौजूद है। शक के आधार पर जब वह अचानक घर पहुंचा तो अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। आरोप है कि पत्नी अपने कथित प्रेमी के साथ कमरे में मौजूद थी। इसके बाद पति का गुस्सा फूट पड़ा और घर में जोरदार विवाद शुरू हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ जुटने से माहौल काफी देर तक तनावपूर्ण बना रहा। सूचना मिलने पर पट्टी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस कथित प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने चली गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़ित पति का कहना है कि अब उसे अपनी पत्नी पर बिल्कुल भरोसा नहीं रह गया है। उसने आशंका जताई कि यदि वह उसके साथ रहेगा तो उसकी जान को भी खतरा हो सकता है। पति ने यह भी बताया कि दोनों की एक चार वर्षीय बेटी है, जिसकी परवरिश को लेकर वह बेहद परेशान है। ग्रामीणों के अनुसार हिरासत में लिया गया युवक मिजार्पुर जनपद का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा शिकायत की गई है जांच की जा रही है जांच के बाद जो भी सामने आएगा उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**कुंडा।** कोतवाली के जिरगापुर चैंसा गांव निवासी राधेश्याम विश्वकर्मा के 53 वर्षीय बेटे सुनील कुमार विश्वकर्मा शुक्रवार को भोर में उठे तो आंधी पानी में टूट कर गिरे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से झुलस गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया।

## आम तोड़ने के विवाद में महिला को पीटा, केस

**प्रतापगढ़।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए महिला को जमकर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर भटपुरवा गांव की सुन्दरा देवी पत्नी राजाराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस मई को सुबह करीब सात बजे दरवाजे पर लगे पेड़ से मधुकरपुर निवासी कलेशर व रामलाल पुत्रगण शिवमंगल, आदित्य पुत्र कलेशर, विपिन पुत्र रामलाल व रामलाल की पत्नी कृष्णा देवी तथा कलेशर की पत्नी मिथलेश देवी एवं पुत्री डिंपल जबरन आम तोडने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## मायके से लौट रही महिला की अचानक मौत

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के अमसौना गांव में शुक्रवार को उस समय मातम पसर गया, जब मायके से घर लौट रही 60 वर्षीय महिला की अचानक सड़क पर गिरने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार गूंज उठी।जानकारी के अनुसार अमसौना गांव निवासी निर्मला देवी पत्नी उमाशंकर वर्मा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपने मायके से घर लौट रही थीं। बताया जाता है कि जैसे ही वह पट्टी कोतवाली क्षेत्र केरेडीगापुर के पास पहुंचीं, अचानक सड़क पर गिर पड़ीं। गिरते ही उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और वह बेहोश हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।बताया जा रहा है कि मृतका अपने पीछे बड़ा परिवार छोड़ गई हैं। उनके आठ बेटियां और एक बेटा है। चार बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि तीन बेटियों और एक बेटे की शादी अभी बाकी है। मां की अचानक मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों में अखिलेश, पुष्पा देवी, मीरा देवी, विद्या देवी, आध्या देवी, किरण देवी, सुमन देवी और शिल्पा देवी सहित पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में डॉक्टर अखिलेश जायसवाल ने बताया कि घायल अस्पताल आई थी जांचों उपरांत उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### टीनशेड का पिलर गिरने से वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत



**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज वार्ड नंबर 11 फतुहाबाद में गुरुवार रात आई तेज आंधी-तूफान एक वृद्ध महिला के लिए काल बन गई। तेज हवा के चलते टीनशेड का पिलर गिर जाने से उसके नीचे सो रही 85 वर्षीय फूलकली पत्नी स्वर्गीय अनंतराम पाल की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि वृद्ध महिला अपने घर के बाहर बने टीनशेड के नीचे सो रही थीं। रात में अचानक तेज आंधी और तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान टीनशेड का पिलर भरभराकर उनके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार वृद्ध महिला अपने दिव्यांग बेटे तीर्थ के साथ घर में अकेली रहती थीं। उनके परिवार में देखभाल करने वाला कोई अन्य सदस्य नहीं है। घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम वाचस्पति सिंह और लेखपाल रिंकू कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए दैवीय आपदा राहत कोष के तहत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया। सूचना पर थाना अध्यक्ष संदीप कुमार त्रिपाठी भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पांडे और सभासद प्रतिनिधि राम सुमेर पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद के प्रमुख ने हासिल किया पीएचडी उपाधि



**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष व विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने उत्तराखंड के प्रोफेसर डॉ0 नवनीत कुमार सिंह के निर्देशन में कुंठा के प्रभाव का अध्ययनः विषय पर शिक्षा शास्त्र विषय में शोध कार्य कर पीएचडी की उपाधि हासिल कर गौरव बढ़ाया है। अजीत के इस उपलब्धि पर कॉलेज के शिक्षकों ईष्ट मित्रों शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की अजीत सिंह ने बताया कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान एवं कला वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन स्तर,सामाजिक एवं आर्थिक स्तर, एवं शैक्षिक उपलब्धि स्तर पर कुंठा के प्रभाव का अध्ययनः विषय पर उत्तराखंड के प्रोफेसर डॉ0 नवनीत कुमार सिंह के निर्देशन में शिक्षा शास्त्र विषय में शोध कार्य किया गया।

### दो युवकों पर दबंगों का हमला, एक गंभीर घायल



**पट्टी।** बाजार से घर लौट रहे दो युवकों पर दबंगों ने हमला कर दिया। इस हमले में पट्टी कोतवाली के कोठियार गांव निवासी दिनेश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार सुबह कुम्हिया कब्रिस्तान के पास हुई। पीड़ित पक्ष के अनुसार, आधा दर्जन से अधिक लोगों ने युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट की। दिनेश वर्मा पुत्र तेजबहादुर को गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान शोर मचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी पट्टी पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया गया। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

### युवती के लापता होने पर अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज।** युवती के लापता होने को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मई को दोपहर करीब एक बजे उसकी अठारह वर्षीर्या पुत्री बिना बताए घर से कही चली गयी। खोजबीन के दौरान अटठाईस मई को पीड़ित परिवार को जानकारी हुई कि पूरे आधार पिंडारिया गांव निवासी आकाश पुत्र भगत सरोज शादी का झांसा देकर पीड़िता की पुत्री को लेकर कहीं चला गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला के समीप जगन्नाथपुर में दस दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर शुक्रवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। कथा के संयोजक गायत्री प्रसाद तिवारी, यादवेन्द्र तिवारी भोला, शिवेन्द्र तिवारी के संयोजन में कथाव्यास आनंदाश्रम जी महराज का अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं भण्डारे के आयोजन में श्रीहरि संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। इस मौके पर प्रधान शांती सिंह, ज्ञानपाल तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, पप्पू तिवारी, राजेशचंद्र तिवारी, अनिल महेश, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, विनोद सिंह आदि रहे।

### कुत्ते से टकराकर मां बेटे घायल

**पट्टी।** बेटी के साथ मायके जा रही महिला की बाइक कुत्ते से टकरा गई जिससे मां बेटे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुदा गांव निवासी महिला पत्नी अमरनाथ अपने बेटे शिवम भारती के साथ गुरुवार की शाम बाइक से आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के तेलियानी गांव जा रही थी। इस दौरान जब वह दयालगंज बाजार के पास पहुंची थी कि अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। जिससे टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई ।जिससे मां बेटे घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

### जहर निगलने वाली किशोरी ने दम तोड़ा

**कुंडा।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने वाली किशोरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मानिकपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें उसने आरोप लगाया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को केशवपुर गांव निवासी राजेश यादव उर्फ कल्लू मोबाइल के जरिए मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। 25 मई की शाम करीब पांच बजे राजेश के बहकावे और दबाव में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने पर उसे इलाज को सीएचसी कुंडा ले जाया गया।हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर आरोपित राजेश यादव उर्फ कल्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दो बेटियों संग महिला को घर से निकाला, पति पर प्रताड़ना का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के लखीपुर कप्सा गांव में विवाहिता ने पति पर मारपीट और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपनी दो बेटियों के साथ घर से निकाल दिए जाने की शिकायत पुलिस से की है।लखीपुर कप्सा गांव निवासी अंजू देवी पत्नी सहदेव ने शुक्रवार दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि वर्ष 2007 में उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति उसे प्रताड़ित करने लगा। समय बीतने के साथ विवाद बढ़ता गया।पीड़िता ने बताया कि उसकी दो पुत्रियां आभा सरोज (18) और विभाह सरोज हैं। आरोप है कि शुक्रवार सुबह पति ने दोनों बेटियों समेत उसके साथ मारपीट की और घर से भगा दिया। घटना के बाद डरी-सहमी महिला बेटियों को लेकर कोतवाली पहुंची और न्याय की गुहार लगाई।महिला का आरोप है कि लंबे समय से उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, लेकिन परिवार बचाने की खातिर वह चुप रही। अब घर से निकाले जाने के बाद उसके सामने बेटियों के पालन-पोषण और रहने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।इस संबंध में पट्टी कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन के विवाद में महिला की पिटाई का केस

**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असरही सरैंया गांव की साबिदा पत्नी बशीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मई की सुबह करीब साढ़े छः बजे गांव के बब्बू व मुन्ना पुत्रगण अजीज जबरन पीड़िता की नींव के पास खुदाई करने लगे। आरोप है कि पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** तहसील क्षेत्र के कनावां गांव में शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के बीच सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर बाबूपुर, आधार का पुरवा सहित विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः कथा पंडाल पहुंची। यात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़े, घोड़े और सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र बने रहे। सिर पर कलश धारण किए पीत वस्त्रों में सजी महिलाओं की लंबी कतार तथा जय श्रीराम, राधे-राधे और हरि नाम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पहुंचने पर कथावाचक योगी शंभूनाथ शास्त्री जी महाराज गोरक्षपीठ गोरखनाथ धाम, गोरखपुर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कलश स्थापना एवं पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। कथा श्रवण से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।आयोजन के मुख्य यजमान सुशीला देवी एवं सुंदरलाल विश्वकर्मा हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में ममता विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, अशिम विश्वकर्मा, पूनम, सोनम विश्वकर्मा, सुषमा, लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रधान संजय सिंह, राजू सिंह, शिक्षक सत्येंद्र विश्वकर्मा, पारसनाथ, प्रेम विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा (बब्बू), अनुज विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, पप्पू भाई, बब्लू, आकाश विश्वकर्मा, भोले, निधि विश्वकर्मा, पुष्पा विश्वकर्मा, सुनीता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# आंधी-तूफान बारिश में कच्चा मकान पर गिरा पेड़ महिला वा दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा के वार्ड नंबर 5 गांधी नगर दूनी तिवारी का पूरा गांव में शुक्रवार की रात तीन बजे आई तेज आंधी तूफान और बारिश के दौरान एक कच्चा मकान पर पेड़ गिर गया जिससे कच्चा मकान भरभराकर गिर गया।

हादसे में एक महिला और दो छोटे-छोटे बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया मकान गिरने की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोग आधी रात को मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए मकान के मालवा में दबे लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक तीन लोगों की मौत हो गई थी एक बच्चा घायल था जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए राहत कार्य कराया। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा के वार्ड नंबर 5 गांधी नगर दूनी तिवारी का पूरा गांव निवासी मंगल सरोज ईट भट्ठे में मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता है जिससे वहां अक्सर घर के बाहर रहता था बीती रात उसके कच्चे घर में उसकी पत्नी माया देवी उम्र 26 वर्ष अपने बेटी श्वेता 4 वर्ष बेटा अनुभव तीन वर्ष और बेटा अंकुश 6 वर्ष के साथ घर में सो रही थी रात में लगभग 3:00 बजे आंधी तूफान और बारिश के दौरान घर के बाहर लगा पेड़ मकान के ऊपर गिर गया जिससे पूरा मकान भरभरा कर सो रहे परिजनों के ऊपर गिर गया जिससे मकान के मालवा में पूरा परिवार दब गया पेड़ और मकान गिरने की आवाज सुनकर गांव के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे और मकान के गिरे मालवा को हटाकर उसके नीचे दबे परिवार के लोगों को बाहर निकाला लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और मकान में दबने से माया देवी उसकी बेटी श्वेता अनुभव की मौत हो चुकी थी और उसका बेटा अंकुश गंभीर घायल था मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है एक साथ एक परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद पूरे गांव में दुख दिखाई पड़ रहा है।

**यदि गरीब परिवार को मिल गया होता प्रधानमंत्री आवास तो नहीं होती तीन निर्दोष लोगों की मौत**

### पीएम आवास ना देने के बाद तीन मौत का जिम्मेदार कौन !

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवार को समय रहते योजना के लाभ से लाभान्वित कर प्रधानमंत्री आवास देकर पक्का घर बनवा दिया गया होता तो शायद कच्चा मकान ना गिरता और तीन लोगों की एक साथ मौत ना होती मकान गिरने से तीन लोगों की मौत के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास योजना की धांधली उजागर हो रही है महिला बेहद गरीब थी पीएम आवास योजना की पात्र थी तो उसे जिम्मेदारों ने प्रधानमंत्री आवास देकर पक्का घर क्यों नहीं दिया यह पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा है।

### अधिकारी और नेताओं की उजागर हुई संवेदनहीनता

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में आधी रात को कच्चा मकान गिर जाने के बाद एक परिवार में माँ और दो बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद अधिकारियों और नेताओं की संवेदनहीनता उजागर हुई है एक गरीब परिवार का सब कुछ उजड़ गया है तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई मौत के पीछे सरकारी नुमाइंदों के भ्रष्टाचार के कारनामे उजागर हो गए यदि समय रहते गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया होता तो तीन निर्दोष लोगों की मौत ना होती लेकिन इससे बड़ी भी संवेदनहीनता तब उजागर हुई जब तीन लोगों की मौत के बाद सांसद विधायक पूर्व सांसद और पूर्व विधायक के साथ-साथ डीएम एसडीएम एडीएम भी मृतक परिवार के घर नहीं पहुंचे हैं जिससे इन अधिकारियों और नेताओं के संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है इतना ही नहीं जिले से डिप्टी सीएम भी है लेकिन तीन मौत के बाद मृतक के घर तक डिप्टी सीएम या उनके प्रतिनिधि नहीं पहुंच सके हैं हालांकि विधानसभा का चुनाव लड़ने के कुछ संभावित प्रत्याशी जरूर पहुंचे है और मौत के बाद वोट बैंक बनाने मृतक परिवार के घर तक पहुंचे हैं मौत के बाद भी राजनीति करने से नेता मौका नहीं चूके हैं।

## विपरीत दिशा से आए अज्ञात वाहन की टक्कर से एंबुलेंस के उड़े परखच्चे, चालक घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहदा मोड़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात भारी वाहन ने एंबुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार प्रयागराज से कानपुर लेन पर फतेहपुर की ओर जा रही एंबुलेंस को विपरीत दिशा से आए अज्ञात भारी वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक सलमान पुत्र रहीस निवासी फतेहपुर घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही एनएचआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए सिराथू सीएचसी में भती कराया गया।वहीं सैनी कोतवाली पुलिस और अझुवा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त एंबुलेंस को क्रेन की मदद से सड़क किनारे हटवाया और यातायात बहाल कराया।दुर्घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। फरार अज्ञात वाहन की पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

## एनएच 19 पर बनाए गए अवैध कटों का अधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सिराथू, एआरटीओ कौशाम्बी एवं एनएचएआई टीम द्वारा थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 19 पर बनाए गए अवैध कटों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सड़क पर बनाए गए अवैध कटों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं एवं यातायात बाधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने एवं आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।इस दौरान थाना सैनी पुलिस द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा गया तथा निरीक्षण कार्य को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

# गंगा नदी में बहती हुई मिली युवक की लाश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के संदीपन घाट गंगा नदी में शुक्रवार को एक युवक की लाश बहते हुए स्नान घाट तक पहुंच गई जहां तमाम लोग स्नान कर रहे थे नदी में लाश देख कर मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पाकर पुलिस भी मौके पहुंच गई और मल्लाहो के सहयोग से युवक की लाश को गंगा नदी के बाहर निकाला तमाम प्रयास के बाद युवक की शिनाख्त हो गई है सूचना मिलने के बाद परिजन भी गंगा नदी के किनारे पहुंच गए हैं परिजनों का कहना है कि वह दो दिन पहले कड़ा धाम मेला देखने गया था और मेला देखने के दौरान वह नदी में डूब गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई होगी और लाश बहकर संदीपन घाट तक आ गई है इतना ही नहीं परिजनों ने यह भी बताया कि युवक को दौड़ा मिगी आते थे जिससे स्नान के दौरान वह नदी में डूब गया है 2 दिन पहले की घटना होने के बाद पुलिस को सूचना ना देना खोजबीन ना करना और चश्मदीद की तरह बयान देना

**संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत परिजनों ने बताया स्नान करने गया था युवक**

**परिजनों के विरोधाभास के बाद युवक की मौत पर खड़े हो गए हैं तमाम सवाल**

परिजनों को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है परिजनों के बयान में तमाम झोल है जिससे नदी में स्नान के दौरान डूबने से युवक की मौत पर संदेह उत्पन्न हो रहा है बताया जाता है कि युवक की शादी नहीं हुई थी और वह परिवार में दो भाई थे खेती किसानी भी युवक के पास मौजूद थी यदि दो दिन पहले ही युवक गंगा नहाने गया था और वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को क्यों नहीं दी थी और गायब युवक की खोज बीन परिजनों के क्यों नहीं किया था परिवार के इस विरोधाभास बयान पर भी सवाल खड़े हो गए हैं नदी में स्नान के दौरान नदी में डूबने की बात परिवार के लोग कह रहे हैं जिस पर यह सवाल खड़ा हो रहा है कि जो लाश मिली है उसमें युवक



पैंट शर्ट बेल्ट सहित पूरा कपड़ा पहने हुए हैं कोई व्यक्ति नदी में स्नान करने जाएगा तो कपड़ा पहन कर नहीं जाएगा जिससे परिवार का यह बयान परिजनों को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है युवक की मौत के पीछे बड़ी कहानी है और पुलिस ने बिन्दुवार पूरी कहानी की सूक्ष्म जांच की तो युवक की मौत का बड़ा रहस्य उजागर होगा। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के क़ादिरा बाद ग्राम निवासी कामतानाथ सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र शिव शंकर सिंह बुधवार की सुबह कड़ा क्षेत्र में मेला देखने के बाद कड़ा घाट गंगा नदी में स्नान करने गए थे और वह स्नान के दौरान नदी के गहरे जल में चले गए जिससे वह नदी में डूब गए युवक के नदी में डूबने के बाद दो दिन तक परिजनों द्वारा कोई प्रयास नहीं हुआ पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई युवक की लाश बहते बहते संदीपन घाट तक पहुंच गई जहां स्नान कर रहे लोगों ने नदी में लाश देखी तो तहलका मच गया गोताखोरों ने कामतानाथ सिंह का शव नदी से बाहर निकाला है उनकी मौत हो चुकी थी मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना स्थल पर कोहराम मचा हुआ है बताया जाता है कि सोशल मीडिया में लाश मिलने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने मृतक कामतानाथ सिंह की पहचान की है।

# 9 वर्षों में अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले सांसद विधायक व मंत्रियों की संपत्ति की हो जांच : कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** कांग्रेस पाटी कार्यालय में कांग्रेस पाटी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कांग्रेस पाटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर प्रेस वार्ता कर 9 वर्षों के दौरान अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले सांसद विधायक और मंत्रियों के संपत्तियों की जांच किए जाने की मांग की है भाजपा सरकार के सभी पूर्व और वतर्मान विधायकों पूर्व और वतर्मान सांसदो और पूर्व वा वतर्मान मंत्रियों की संपत्ति की जांच की मांग की है। कांग्रेस पाटी जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने बताया कि महोबा की एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया,उसके साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया बल्कि नरभक्षीय व्यवहार किया गया। भाजपा सरकार का कोई नुमाइंदा पीड़िता के घर नहीं पहुँचा,जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पीड़िता का दुख साझा करने उसके घर जा रहे थे तो उन्हें रोकने की हर संभव कोशिश की गई मगर वह पीड़िता के घर पहुँच गए।उन्होंने बताया कि यह संवेदनहीन सरकार जो खुद तो पीड़िता का दुख साझा करने की संवेदना नहीं रखती वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जाने से इतना व्याकुल हो गई कि पूरे प्रदेश में सरकार की सह पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके इस मानवीय और मार्मिक कार्य के विरोध ने अजय राय के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू हो गए कार्यकर्ता तो कार्यकर्ता सरकार के मंत्री और विधायक भी आगे आकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध करने लगे। बौखलाई सरकार के नुमांइदों ने अजय राय के खिलाफ उनकी संपत्ति की जांच की मांग की है उन्होंने बताया कि बड़ा हास्ययास्पद है कि आकंठ और भ्रष्टाचार में डूबी यह भाजपा सरकार और उनके मंत्री और विधायक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहें हैं जबकि उनका सारा सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। अभी दो दिनों पूर्व ही आगरा नगर निगम ने प्राइवेट बिजली कंपनी टोरेंट का 430 करोड़ रूपये माफ किए हैं. इसके पहले हजारों करोड़ रूपये पूंजीपतियों के माफ कर उनसे भाजपा ने वसूली की है। कांग्रेस यह सिद्ध कर चुकी है काम लो चंदा दो की नीति भाजपा सरकार बना चुकी है तथा ईडी,आयकर के छापों से वसूली की नीति भी भाजपा की बनाई हुई है इससे बड़ा भ्रष्टाचार का उदाहरण भला और क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि सरकार को वाकई अगर भ्रष्टाचार को बेनकाब करना है और उनमें अगर साहस है तो अपने मंत्रियों और विधायकों सांसदों और पूर्व विधायको पूर्व सांसदों पूर्व मंत्रियों की सम्पत्ति की जांच करा ले,तो उन्हें यह पता चल जाएगा कि पिछले 9 सालों में कितनी लूट हुई है। मिड-डे मील से लेकर सड़कों तक,अस्पताल की दवाईयों से लेकर मनरेगा तक चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां तक कि इन लोगों ने प्रभु राम की नगरी अयोध्या तक को नहीं छोड़ा है। न सिर्फ मंदिर के चंदे पर लूट हुई है बल्कि जितना अयोध्या में विकास नाम पर धन उगाही हुई है वह तबके सामने है।उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी के सिपाही हैं, हम सार्वजनिक जीवन में पूरी तरीके से सुचिता बरतते हैं,जिस एजेंसी से चाहिए हमारी जांच करा लीजिए मगर शर्त यह है कि उन्हीं एजेंसियों से भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों की भी जांच होनी चाहिए।इस दौरान प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू, जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,जिला सचिव हेमन्त रावत, वार्ड सचिव नौशे आलम, आलोक त्रिपाठी, प्रियांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर दिनांक 27.05.2026 को एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन पुलिस कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रतिमा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा एएसपी राजेश कुमार सिंह के जनपद में कार्यकाल की सराहना की गई तथा उनके द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक कार्यों में दिए गए योगदान को उल्लेखनीय बताया गया। अधिकारियों ने उनकी कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जनोन्मुखी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में पुलिस एवं प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हुआ, जिससे जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। इस अवसर पर नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी अपर पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। सभी अधिकारियों द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को उनके भावी दायित्वों हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सर्किट हाउस के कमरे की एसी में ब्लास्ट से लगी आग

### धुंआ धुंआ हुआ सर्किट हाउस फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाई आग

**कौशाम्बी।** सिराथू स्थित मां शीतला देवी गृह सर्किट हाउस के एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से एसी में ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे कमरे में फैल गई। घटना के बाद सर्किट हाउस में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और सैनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कमरे में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया,जिससे लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।बताया जा रहा है कि सर्किट हाउस का कमरा नंबर इ-8 शिक्षा विभाग के एक अधिकारी के लिए एलॉट किया गया था। जैसे ही अधिकारी रात में कमरे में पहुंचे और दरवाजा खोला,अंदर एसी में आग लगी दिखाई दी। कुछ ही देर में एसी में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया और आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद कमर्चारियों और लोगों में हड़कंप मच गया।इलेक्ट्रीशियन पद पर तैनात साजन कुमार ने बताया की एक लोग के लिए यह रूम एलॉट किया गया ज़ब वह सोने के लिए पहुंचे तो शार्ट सर्किट से आग लग गई थी,फिर उन्होंने इसकी जानकारी दी कि एसी मे आग लगी है,ज़ब वहा जाकर देखा गया तो आग बहुत तेज लगी थी,ज़ब बुझाने की कोशिश की गई लेकिन आग बहुत फ़ैल चुकी थी फिर इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी तो उन्होंने आकर आग बुझाई।

## मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने उड़ाए 46 हजार रुपये, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

### क्रेडिट कार्ड से हुई निकासी, बैंक कमर्चारी पर अभद्रता का आरोप

**कौशांबी।** साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। कोखराज थाना क्षेत्र के महेशपुर उर्फ सलेमपुर निवासी योगेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने साइबर क्राइम थाना मंझनपुर में प्राथर्ना पत्र देकर कारर्वाई की मांग की है।पीड़ित योगेन्द्र कुमार त्रिपाठी पुत्र सुशील कुमार त्रिपाठी के अनुसार 20 मई 2026 को दोपहर करीब 1:55 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक फोन कॉल और मैसेज आया। इसके बाद उन्हें जानकारी हुई कि उनका मोबाइल हैक हो चुका है। घबराए पीड़ित तत्काल भरवारी स्थित स्टेट बैंक पहुंचे,जहां बैंक कमर्चारी जोया मैडम ने कस्टमर केयर से बात कर मामले की जानकारी ली। आरोप है कि साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड संख्या 4726428854405006 से धोखाधड़ी करते हुए कुल 46 हजार रुपये निकाल लिए।पीड़ित ने बताया कि बैंक और कस्टमर केयर के कहने पर उन्होंने दोबारा 3392 रुपये भी जमा किए। लेकिन खाते की जानकारी मांगने पर बैंक कमर्चारी ने जानकारी देने से मना कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि कमर्चारी ने कहा "दुबारा मत आना, कोई भी कारर्वाई नहीं होगी। तुमको जहाँ तक जाना हो जाओ, हमारा कुछ नहीं होगा।"घटना के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना मंझनपुर में प्राथर्ना पत्र देकर धोखाधड़ी करने वाले साइबर ठगों के खिलाफ कड़ी कारर्वाई और रकम वापसी की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक,कॉल या मैसेज पर डळढ और बैंक डिटेल शेयर न करें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# किसान दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशांबी।** भारत रत्न किसान मसीहा भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वगीय चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय कौशांबी करारी में किसान दिवस के रूप में शुक्रवार को मनाई गई।प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वगीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी साहब हमेशा किसानों मजदूरों अल्पसंख्यकों पिछड़ों दलितों के उत्थान एवं अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, चौधरी साहब उत्तर प्रदेश सरकार में दो बार मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। अपने शासनकाल में किसानों मजदूरों एवं समाज के सभी वर्गों के हित में अनेक कार्य किये।आज पूरे देश का किसान एवं मजदूर उन्हें याद कर रहा

**किसानों के सच्चे मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : इमरान हैदर रिजवी**

**समाजसेवी एवं युवा नेता अफजल शाह अपने दजर्नों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की ग्रहण सदस्यता और उन्हें मिला जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी**

है ,उनके द्वारा किए गए कार्यों को किसान भूल नहीं पा रहा है उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जातिवाद के घोर विरोधी थे।चौधरी साहब के पुण्यतिथि पर समाजसेवी एवं युवा नेता अफजल शाह अपने दजर्नों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए। प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिज़वी ने अफजल अफजल शाह का पाटी में उनका जोरदार स्वागत किया और कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का कुनबा दिन पर दिन बढ़ रहा है पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी



चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वगीय अजित सिंह की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के कार्यों से प्रभावित होकर ग्रामीण किसान मजदूर एवं अल्पसंख्यक एवं समाज के सभी वर्ग राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो रहे हैं आने वाला समय राष्ट्रीय लोकदल का होगा,किसानों और मजदूरों का होगा। प्रदेश महासचिव ने कहा कि किसी भी पाटी के कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कार्यकर्ता ही पाटी की ताकत होते हैं।युवा नेता अफजल शाह ने कहा कि जो मुझे जिम्मेदारी मिली है उसे मैं पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करुंगा और राष्ट्रीय लोक दल को मजबूत करूंगा क्षेत्र में निकाल कर पाटी को मजबूत करने का कार्य करूंगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पाटी का सदस्य बनाने का काम करूंगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव पूर्व सभासद करारी जीशान हैदर पप्पू मछली तथा अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अशरफ आजाद किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चमन, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र मौर्य, जिला महासचिव जीशान हैदर पप्पू मछली पूर्व सभासद करारी, गुलाम सिबतैन पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी, जिला महासचिव सिद्ध लाल सरोज, वरिष्ठ नेता अशरफ आजाद, जिला सचिव राजेश सिंह पटेल, जिला सचिव अरशद अली, ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर मुकेश कुमार सरोज,ब्लॉक उपाध्यक्ष विष्णु कुमार, गोपी लाल पटेल, मनमोहन सिंह पटेल, हाजी मोहम्मद राइन, रियाज अहमद वरिष्ठ कार्यकर्ता, माजिद अहमद वरिष्ठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता राम आसरे सरोज, समीर अहमद अरमान अहमद, कल्पना देवी, सरला देवी, गरीब आलम सुरेश कुमार गौतम सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

## सम्पादकीय

### मोदी सरकार में बच्चों का भविष्य खतरे में!

**नरेन्द्र** मोदी के हिंदू-मुस्लिम एजेंडे को धर्म की रक्षा मानना और हिंदू जाग गया है जैसे बेतुके दावों पर यकीन करके इस देश ने किस तरह अपना भविष्य बर्बाद कर लिया है, उसका ताजा उदाहरण सीबीएसई के बारहवीं परीक्षा के नतीजे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा व्यवस्था ऐसी ही है, जिसमें विद्यार्थियों की योग्यता का पैमाना परीक्षाओं में हासिल किए अंक ही होते हैं। तीन घंटे का एक प्रश्नपत्र कोई छात्र कैसे हल करता है और कितने अंक हासिल करता है, वही उसका भविष्य तय करता है। इसमें उसकी बाकी काबिलियत, साल भर की मेहनत, किसी सवाल को अलग तरह से देखने का नजरिया यह सब बेमानी हो जाता है। ऐसी व्यवस्था में बारहवीं कक्षा के परिणाम कितने अहम होते हैं, यह सब जानते हैं। कायदे से तो इस पूरी घिसी-पिटी व्यवस्था को ही दुरुस्त करने की जरूरत है, ताकि नयी पीढ़ी दुनिया में अपना स्थान बना पाए। लेकिन मोदी सरकार ने तो इस व्यवस्था को और बर्बाद करने का काम किया है। पाठक जानते हैं कि इस साल मूल्यांकन प्रणाली को त्रुटिरहित बनाने और परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने के नाम पर ऑनस्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक कृष्ण कुमार जैसे कुछ शिक्षाविदों व जानकारों ने तब भी आशंका जताई थी कि ओएसएम को बिना जांचे-परखे, जल्दबाजी में अपनाया गया है। लेकिन सीबीएसई ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जब परिणाम आए तो बहुत से बच्चों ने निराशा जताई कि उन्हें उम्मीद के अनुरूप अंक नहीं मिले, इसलिए उन्होंने ओएसएम को ही जिम्मेदार ठहराया।

लेकिन बीते दो दिनों में तो एक ऐसी गड़बड़ी सामने आई जिसके बाद सवाल उठते हैं कि क्या सीबीएसई पर क्या कोई गिरोह हावी है, जो बच्चों का भविष्य दांव पर लगाकर मुनाफा कमा रहा है। दरअसल वेदांत नाम के एक बच्चे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि फिजिक्स की जो उत्तरपुस्तिका उसकी बताई गई है, वह दरअसल उसकी है ही नहीं। उसके अक्षर और सीबीएसई की तरफ से दी गई उत्तरपुस्तिका में लिखे गए अक्षर बिल्कुल मेल नहीं खाते थे। वेदांत की शिकायत सामने आने पर एबीपी न्यूज की पत्रकार अजातिका सिंह ने उसके घर जाकर बातचीत की, जिसमें वेदांत ने अपनी तरफ से सबूत भी दिखाए कि वह किस तरह उत्तर लिखता है और इसमें कितने अलग तरीके से उत्तर दिए गए हैं। एक पत्रकार ने अपना कर्तव्य निभाया और मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया। लेकिन इससे पहले डीडी न्यूज के पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने वेदांत की पोस्ट पर लिखा कि 'क्या पाकिस्तानियों ने भी सीबीएसई के एग्जाम्स दिए हैं?' दरअसल वेदांत की लोकेशन साउथ एशिया बताई गई तो दूरदर्शन के पत्रकार ने उसे सीधे पाकिस्तानी कह दिया। भाजपा समर्थक कई और लोगों ने वेदांत को जॉर्ज सोरोस के लिए काम करने वाला, पाकिस्तानी, देशद्रोही और न जाने क्या-क्या कहा।

भारतीय समाज नफरती राजनीति से ग्रस्त होकर मानसिक तौर पर कितना बीमार हो चुका है, यह उसका नायाब उदाहरण है। साउथ एशिया में ही भारत भी आता है।

-: ललित गर्ग:-

**कृत्रिम** बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निमार्ता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है।

पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को ह्लनिरस्त्रह्व करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है,



तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं। इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा।

इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए।

साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा।

यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है। भारत को ऐसी राष्ट्रीय नीति बनानी होगी जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग मानव कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक विकास के लिए हो, लेकिन रोजगार संरक्षण, डेटा सुरक्षा, नैतिक मानदंड और युद्ध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही वैश्विक स्तर पर भी एआई के उपयोग हेतु साझा नियम और अंतरराष्ट्रीय संधियां आवश्यक हैं।

## पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का एसपी ने लिया जायजा



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। पुलिस** अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सरपतहा स्थित पुलिस कैंटीन और पुलिस आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कैंटीन में खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा पुलिस आवासों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## उद्योग और व्यापार से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कलेक्ट्रेट** सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने की। इसमें उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापार और उद्योग से जुड़े मामलों का निस्तारण प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें, ताकि जिले में रोजगार के अवसर बढ़ सकें और उद्योगों का संचालन बेहतर ढंग से हो सके।

बैठक में खाद्य, विद्युत, प्रदूषण और व्यापार कर विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## कुड़वार की कमला इण्डेन गैस सर्विस बनी मिसाल




**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर ।** कुड़वार ब्लॉक मुख्यालय स्थित कमला इण्डेन गैस सर्विस उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देकर मिसाल बन रही है। एजेंसी की पारदर्शी वितरण प्रणाली और समय पर रिफिलिंग से सैकड़ों उपभोक्ता संतुष्ट हैं।ग्राम सरकौड़ा निवासी विश्वजीत, संत प्रसाद सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा, शांति देवी, वंदना, भारती, आशा, निशा, नीलम, सुशीला, उमा सिंह, इंद्रावती समेत तमाम उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन की खुलकर तारीफ की। उपभोक्ताओं का कहना है कि यहां बिना किसी असुविधा के उनकी सुविधानुसार एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बुकिंग और डिलीवरी की समस्याओं का भी तत्काल समाधान हो रहा है। एजेंसी संचालिका शिखा सिंह ने बताया कि नियमों के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को उनकी सुविधानुसार सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुचारू आपूर्ति और उपभोक्ता संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय कुड़वार थाने का प्रशासनिक सहयोग भी एजेंसी को मिल रहा है।स्थानीय निवासियों ने पारदर्शी और उपभोक्ता-हितैषी व्यवस्था के लिए एजेंसी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

## मौनी बाबा की स्मृति में बनेगी भव्य समाधि, क्षेत्र बनेगा आध्यात्मिक



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** के नथईपुर मठिया में 17वीं शताब्दी के सिद्ध संत मौनी बाबा की स्मृति में भव्य समाधि का निर्माण कराया जा रहा है। समाजसेवी एवं आध्यात्मिक साधक ओम प्रकाश गिरी इसके निर्माण कार्य में जुटे हैं। इसके साथ ही परिसर में 10 अन्य मंदिरों का भी निर्माण कराया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि मौनी बाबा का संबंध जूना अखाड़े से था। उन्होंने 17वीं शताब्दी में नथईपुर क्षेत्र में आकर साधना की और स्थानीय लोगों को अपना शिष्य बनाया। उनकी सिद्धि और आशीर्वाद की ख्याति दूर-दूर तक फैली थी। मान्यता है कि काशी नरेश ने भी उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था और मठ निर्माण के लिए 989 बीघा भूमि दान में दी थी, जो आज मठिया के नाम से जानी जाती है। मौनी बाबा ने जीवन के अंतिम समय में जीवित समाधि ली थी। उनकी स्मृति को संरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक उनकी परंपरा पहुंचाने के उद्देश्य से समाधि और मंदिर निर्माण कराया जा रहा है।

## जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई सम्पन्न




**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर ।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में माह मई-2026 की जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि किसी भी विभाग का कोई प्रकरण समय सीमा के बाद लंबित नहीं है। जिलाधिकारी ने समय सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में सर्वप्रथम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थित समस्त बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के ऋण स्वीकृत/अस्वीकृत योजनाओं से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि अगली बैठक से पहले सभी ऋण सम्बन्धी लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## फुटपाथ से पक्के घर का सपना अधर में, पट्टे की जमीन पर कब्जे के विवाद में न्याय की गुहार



**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर ।** अलीगंज बजार सरकार भूमिहीन और गरीब परिवारों को आवासीय पट्टे देकर उनके सिर पर छत उपलब्ध कराने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सुल्तानपुर जिले के अलीगंज बाजार स्थित ग्रामसभा मनियारी में एक भूमिहीन परिवार वर्षों से फुटपाथ पर जीवन बिताने को मजबूर है और अब उसे मिले आवासीय पट्टे पर भी विवाद खड़ा हो गया है।पीड़ित पवन कुमार पुत्र गोविंद कुमार का आरोप है कि उसे वर्ष 2019 में गाटा संख्या 360 में 0.09 हेक्टेयर आवासीय भूमि का पट्टा आवंटित किया गया था। इसके लिए उसने सरकारी शुल्क के रूप में 14,850 रुपये भी जमा किए। लेकिन आवंटित भूमि तक रास्ता न होने के कारण मामले की जांच कर एसडीएम सदर ने पट्टे का विनिमय कर गाटा संख्या 294 में भूमि आवंटित कर दी।पीड़ित का कहना है कि नायब तहसीलदार और क्षेत्रीय लेखपाल शान मोहम्मद ने मौके पर पहुंचकर उसे भूमि पर कब्जा भी दिलाया था। इसके बावजूद दाऊदपुर निवासी तकी हैदर और नुवले हैदर ने उक्त भूमि को ग्रामसभा की आबादी की जमीन बताते हुए चौहद्दी दिखाकर न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया।हैरानी की बात यह है कि जिस भूमि को पहले पट्टे के लिए उपयुक्त मानते हुए आवंटित किया गया, उसी भूमि को ग्रामसभा की जमीन बताकर पट्टे के लिये प्रस्ताव किया गया। उसी जमीन को आबादी की जमीन मानकर अस्थगन आदेश मिल जाता है। इससे पूरे मामले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और राजस्व विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पीड़ित परिवार का आरोप है कि विपक्षी पक्ष के प्रभाव और धनबल के चलते राजस्व अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। परिवार का कहना है कि वह आज भी फुटपाथ पर रात गुजारने को मजबूर है, जबकि उसे आवंटित भूमि पर निर्माण करने नहीं दिया जा रहा।वहीं क्षेत्रीय लेखपाल शान मोहम्मद का नाम एक बार फिर विवादों में आने से राजस्व विभाग की कार्यशैली चर्चा का विषय बनी हुई है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो वह मुख्यमंत्री तक अपनी फरियाद पहुंचाएंगे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने संभाली कमान

### 80 दोपहिया और कारें जब्त, नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों में हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। शहर** की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए शिवपुरी पुलिस ने कमर कस ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त और स्पष्ट निर्देशन में यातायात पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ा है। यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग पाइंट लगाकर बिना नंबर के दौड़ रहे वाहनों पर शिकंजा कसा। इस औचक कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते पुलिस ने 30 दोपहिया वाहनों सहित कारों को जब्त कर यातायात थाने पहुंचा दिया।

**नाबालिगों के हाथों में स्टियरिंग पर पुलिस सख्त, कड़े तेवर**

अभियान के दौरान जो सबसे चौंकाने वाली और चिंताजनक बात सामने आई, वह थी बड़ी संख्या में नाबालिगों और स्कूली छात्रों द्वारा बिना नंबर प्लेट के बाइक और स्कूटी दौड़ना यातायात पुलिस ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार किया। पुलिस ने न केवल इन वाहनों को जब्त किया, बल्कि नाबालिगों के अभिभावकों को भी यातायात थाने बुलाकर नियमों के प्रति सचेत रहने की हिदायत दी।

**अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के लिए क्यों जरूरी है यह मुहिम**



यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने इस मुहिम के दूरगामी उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा "बिना नंबर प्लेट के वाहन सड़क सुरक्षा और शहर की सुरक्षा, दोनों के लिए एक गंभीर चुनौती हैं। किसी भी अप्रिय घटना, सड़क दुर्घटना या आपराधिक वारदात की स्थिति में ऐसे वाहनों की पहचान करना बेहद मुश्किल हो जाता है, जिससे पुलिस तफ्तीश प्रभावित होती है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हमारा मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि शहर में सुरक्षित यातायात का माहौल बनाना है।

**थाने में लगी कतार, नंबर प्लेट लगाने के बाद ही छोड़े वाहन**

यातायात पुलिस की इस कार्रवाई का असर यह हुआ कि बुधवार देर शाम से चलाए गए इस अभियान से लेकर आज शुक्रवार देर शाम तक कुल 80 वाहन जब्त किए है एवं वाहन छुड़ाने वालों की भारी भीड़ रही। पुलिस ने साफ कर दिया कि केवल जुमार्ना या समझाइश काफी नहीं है। जब्त किए गए सभी वाहन चालकों को मौके पर ही नंबर प्लेट लगाने के कड़े निर्देश दिए गए। विधिवत नंबर प्लेट इंस्टॉल होने और यातायात नियमों का पालन करने की लिखित समझाइश के बाद ही वाहनों को सुपुर्द किया गया।

**थमेगा नहीं अभियान, आगे और होगी कड़ा**

यातायात प्रभारी ने शहर के नागरिकों और युवाओं से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह अभियान महज औपचारिकता नहीं है, आने वाले दिनों में बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज रफ्तार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई का यह शिकंजा और अधिक कसा जाएगा।

# सफाई के नाम पर नाली का कचरा निकालकर सड़कों पर बिखेरा

## नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था पर स्थानीय लोगों में नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** मुख्यालय के व्यस्त शंकर बाजार क्षेत्र में नाली सफाई के दौरान निकाला गया मल-मूत्र और कचरा सड़क पर ही फैला दिए जाने से स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि सफाई के नाम पर गंदगी को सड़क पर छोड़ देना न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि गंभीर बीमारियों को भी न्योता दे रहा है।

शंकर बाजार की यह स्थिति उस समय सामने आई, जब नगर पालिका के सफाई कर्मचारी नालियों की सफाई कर रहे थे। बताया कि सफाई के दौरान नाली से निकाले गए कचरे, कीचड़ और मल-मूत्र को ऐसे ही शहर के सड़क किनारे ही डाल दिया जाता है। इससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई और राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सफाई के बाद हफ्तों तक कचरा सड़क पर पड़ा रहता है और बारिश होने पर वही कचरा फिर नाली में जमा हो जाता है। जिससे बाजार की छवि खराब होती है और ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका को केवल खानापूर्ति नहीं करनी चाहिए, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे नाली की गंदगी तुरंत हटाई जा सके। लोगों ने सवाल उठाया कि करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद यदि सफाई व्यवस्था का यही हाल रहेगा, तो "स्वच्छ शहर" और "विकसित भारत" जैसे दावे केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे।

क्षेत्रीय नागरिकों ने यह भी याद दिलाया कि कुछ दिन पहले जिलाधिकारी पुलित गर्ग ने सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने के निर्देश दिए थे। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि जब खुद नगर पालिका के सफाई कार्य के दौरान सड़क पर गंदगी फैलाई जा रही है, तो इस पर कार्रवाई किसके खिलाफ होगी। लोगों का कहना है कि नियम केवल आम जनता के लिए नहीं होने चाहिए, बल्कि सरकारी व्यवस्थाओं पर भी समान रूप से लागू होने चाहिए।

व्यापारियों के अनुसार शंकर बाजार चित्रकूट का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और आवागमन के लिए पहुंचते हैं। सड़क पर फैली नाली की गंदगी से न केवल बाजार की छवि खराब हो रही है, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। बरसात के मौसम में ऐसी स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है, क्योंकि गंदगी के कारण मच्छर और अन्य बीमारियां तेजी से फैलती हैं।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि नाली सफाई के लिए एक व्यवस्थित प्रक्रिया बनाई जाए। सफाई के तुरंत बाद कचरे को उठाने के लिए अलग वाहन लगाए जाएं, ताकि सड़क पर गंदगी न फैले। साथ ही सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

# तीर धुमाई गंगू पहुंची संयुक्त टीम, जलधारा में नहीं मिली कोई छेंड़छाड़



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा शोसल मीडिया में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर शुक्रवार को गठित टास्क फोर्स से जनपद के तहसील राजापुर स्थित ग्राम तीरधुमाई गंगू स्थित गाटा संख्या 2/2, खण्ड संख्या 03, रकबा 23.00 हे. पर स्वीकृत उपखनिज बालू/मोरम के खनन पट्टा क्षेत्र की जाँच करायी गई। जांच के समय उपजिलाधिकारी राजापुर, क्षेत्राधिकारी पुलिस राजापुर, प्रभारी निरीक्षक थाना सरधुवा व खान निरीक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पट्टाधारक द्वारा नदी की जलधारा के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं पायी गयी है और न ही नदी की जलधारा में कोई खनन/अवैध खनन किया जाना पाया गया। इस प्रकार सोशल मीडिया ट्वीटर में प्राप्त शिकायत असत्य पायी गई। डीएम द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा शुक्रवार तक जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत टास्क फोर्स द्वारा कुल 26 उपखनिज लदे वाहनों के विरुद्ध उपखनिजों के अवैध परिवहन किए जाने के कारण उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित थानों की अभिरक्षा में दिया गया। इसी प्रकार गठित टास्क फोर्स द्वारा विगत सप्ताहों में कुल 124 उपखनिज लदे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुमार्ना 40.44 लाख रुपये वसूला गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित टास्क फोर्स को अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

# न्यूज झरोखा

## योग शिविर का हुआ समापन

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जनसेवा इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव को मनाने के लिए योग का अभ्यास क्रम जनपद के कई स्थानों पर शिविर लगाकर कराया जा रहा है। योग शिक्षक लालमनि गुप्ता ने शिविर मे शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ करने के लिए सूर्य नमस्कार, पादहस्त आसन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, वक्रासन एवं भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, उद्दगीत, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षक मनीषा केसरवानी ने एक्यूप्रेशर के माध्यम से रोग मिटाने की जानकारी दी। भारत स्वाभिमान के प्रभारी अरविंद शिवहरे ने संगठन के दायित्व एवं पतंजलि के कार्यों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बाबूलाल सिंह, नरेंद्र, चंद्रवंशी, अशोक सिंह, सीताराम, मनोज सिंह, मुन्नालाल, साधना, सरिता, कंचन, अंजू, मंजू, मीना, माधुरी, वीणा बान्धवकर, अंशु, मीरा श्रीवास्तव, सरोज जैन, अमिता, शोभा, विमला, निर्मला, ऊषा सहित लगभग एक सैकड़ा लोग मौजू रहे।

## लोक जनशक्ति पार्टी अपनी विचार धाराओं से नहीं करती हैं समझौता : अजय गुप्ता अग्रहरि



**चित्रकूट।** जनपद के सीतापुर स्थित आनंद रिसॉर्ट में लोक जनशक्ति पार्टी ने बुंदेलखंड के चित्रकूट में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं बिहार की विधान परिषद सदस्य संगीता देवी, विष्णु देव पासवान एवं धर्मेंद्र मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ के रूप में अहम भूमिका रही। इनके नेतृत्व में युवा समाजसेवी कु. भूपेंद्र सिंह पटेल को जिलाध्यक्ष जिलासंयोजक का पदभार सौंपा गया। उन्होंने अपनी विचारधारा को और जनपद के विकास को सर्वोपरि रखकर इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ता प्रमोद सिंह (बबुली) प्रदेश महासचिव, कमलेश द्विवेदी (प्रदेश उपाध्यक्ष) अजय सोनी (प्रदेश उपाध्यक्ष) रमेश भूषण (प्रदेश प्रधानमहासचिव) शिवशंकर गुप्ता (मंडल अध्यक्ष) कु. भूपेंद्र सिंह पटेल (जिलाध्यक्ष) आदित्य शुक्ला (उपाध्यक्ष) धीर सिंह (युवा जिलाध्यक्ष) आशा मिश्रा (प्रदेश महामंत्री) शान्ति सिंह (प्रदेश महासचिव) संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, संगीत मिश्रा, भोला गुप्ता, सत्यम त्रिपाठी, एस अग्रहरी, दिलीप गुप्ता, संजय अग्रहरी, कमलेश द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## इंसानियत की मिसाल बने ग्राम विकास अधिकारी, रक्तदान कर बचाई किशोरी की जिंदगी



**चित्रकूट।** जनपद में मानवता और सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। उन्नाय बन्ना गांव निवासी 15 वर्षीय नेहा वर्मा, पुत्री राजू वर्मा, पिछले कई दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रही है। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि किशोरी को तत्काल तीन यूनिट रक्त की आवश्यकता है। आर्थिक और सामाजिक परेशानियों से जूझ रहे परिजनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती रक्त की व्यवस्था करना बन गया था। काफी प्रयासों के बावजूद कोई भी रक्तदाता सामने नहीं आ रहा था, जिससे परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। इसी बीच समाजसेवियों को मामले की जानकारी हुई। पीड़ित परिवार के दर्द को समझते हुए उन्होंने सहायता के लिए पहल की और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मदद की अपील की। इस अपील का असर भी देखने को मिला। कर्वी ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी मुदित सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए बिना किसी देर के जिला अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कदम से न केवल पीड़ित परिवार को राहत मिली, बल्कि अस्पताल में मौजूद लोगों ने भी उनकी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रशंसा की। रक्तदान के बाद नेहा के उपचार में कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन चिकित्सकों के अनुसार उसे अभी भी दो यूनिट रक्त की और आवश्यकता है। ऐसे में परिवार ने जनपदवासियों और समाजसेवियों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की है, ताकि किशोरी का उपचार सुचारु रूप से जारी रह सके और उसकी जान बचाई जा सके।

## पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए, स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी। परेड में शामिल अधिकारी व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहन तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया तथा डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, बैरक, सीपीसी कैन्टीन, मंदिर, भोजनालय, ऑर्मरी का निरीक्षण कर आरक्षी महिला आरक्षियों का अर्दली रुम किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामा शीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मऊ पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, आरक्षी शुभम त्रिपाठी थाना मऊ द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र सुग्रीव प्रसाद निवासी चन्दई मजरा तितौली थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 18 क्वार्टर देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# परिवहन निगम की चार बसों का आज से होगा संचालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक डिपो राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनपद में चार बसों का शुभारम्भ 30 मई को दोपहर 12:00 बजे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशन (बेड़ीपुलिया) डिपो से किया जाएगा।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष, मऊ मानिकपुर विधायक के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पी.टी.ओ. तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक, चित्रकूटधाम क्षेत्र बाँदा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ एवं नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के माध्यम से संचालित यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होगी।

# जनसमस्याओं को लेकर सपा का तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन

## विधायक अनिल प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान के नेतृत्व में गुरुवार को तहसील कर्वी परिसर में सैकड़ों कार्यकताओं और ग्रामीणों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी कर्वी के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

धरने में पेपर लीक की घटनाएं, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतें, महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, अघोषित विद्युत कटौती, बेहतर सरकारी स्कूलों की स्थापना, स्मार्ट मीटर, पेयजल आपूर्ति, बदहाल सड़कें, नए संपर्क मार्गों का निर्माण, तहसील एवं थानों में भ्रष्टाचार, अवैध खनन तथा खराब स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई मुद्दों को उठाया गया।

धरना सभा को संबोधित करते हुए विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि प्रदेश सहित चित्रकूट में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि जिले की सड़कें जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलों और थानों में भ्रष्टाचार बढ़ गया है तथा जिला अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। विधानसभा अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि जिले की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। रातभर अघोषित कटौती की जा रही है और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से वसूली की जा रही है। जिला उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह पटेल ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिमोहन सिंह यादव ने नमामि गंगे योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई स्थानों पर नल लगाए गए हैं, लेकिन आज तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। जिला उपाध्यक्ष अरशद खान ने आरोप लगाया कि चित्रकूट में अवैध खनन बड़े पैमाने पर जारी है और दिन-रात नदियों से अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है।

धरना-प्रदर्शन में कुलदीप यादव, मंगल सिंह यादव, गौरीशंकर पटेल, शिवम पाण्डेय, अजय वर्मा, महेन्द्र सिंह यादव, आशुतोष अग्रहरि, सुजीत कुशवाहा, अमन निषाद, समसुल अली, ममता देवी, अंजू सोनी, पुष्पा देवी, पूनम देवी सहित लगभग 400 कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# आधी रात को गूंजा इमरजेंसी अलर्ट : 90 किमी की रफ्तार से आए तूफान ने मचाई भीषण तबाही

**अखंड भारत संदेश**





**बांदा।** जिले में कल रात प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिला। रात करीब 12 बजे अचानक लोगों के मोबाइल फोन पर तेज बीप के साथ इमरजेंसी अलर्ट गूंज उठा। इस चेतावनी के कुछ ही देर बाद पूरे जिले में भीषण आंधी-तूफान ने दस्तक दे दी। करीब 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली चक्रवाती हवाओं ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। हाईटेंशन लाइनों पर पेड़ गिरने और खंभे उखड़ने से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। दर्जनों गांव और शहरी मोहल्ले रात से ही घने अंधेरे में डूबे हुए हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नुकसान काफी बड़ा है, लेकिन क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

तेज आंधी के कारण कई इलाकों में पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली के तारों पर गिर गईं। दर्जनों जगहों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण रात भर शहर से लेकर देहात तक अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग की टीमें सुबह से ही मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं। मुख्य मार्गों और संपर्क मार्गों पर विशालकाय पेड़ गिरने से सुबह के समय यातायात काफी प्रभावित हुआ। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से सड़कों से मलबे को हटाने का काम जारी है। कई इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क किनारे लगे पेड़ और बिजली के खंभे टूटकर गिर गए।सससे कई प्रमुख मार्ग बाधित हो गए। आंधी-तूफान के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई गांव और मोहल्ले अंधेरे में डूब गए। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए। लोगों को इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान हुआ। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। खराब मौसम की स्थिति में घरों के अंदर रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट पर रखा है। क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों को ठीक करने का काम जारी है।

हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी दिखाई है। सभी आपातकालीन सेवाओं और संबंधित अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभी भी सतर्क रहें और खराब मौसम की स्थिति में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, बल्कि घरों के अंदर ही सुरक्षित रहें। तूफान से हुए कुल नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक-दो दिनों में मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि तेज आंधी-तूफान के समय पक्के मकानों में शरण लें और बिजली के खंभों व पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें।

## तीन प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की नो-एंट्री

**बांदा।** जनपद में सड़कों पर बढ़ते दबाव और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने कल यानी 30 मई 2026 के लिए एक बड़ा यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कल सुबह से लेकर रात तक कई प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।कल इन रास्तों पर रहेगा भारी वाहनों का प्रतिबंध 30मई को प्रात 5 बजे से लेकर रात्रि 9.30 बजे तक नीचे दिए गए मार्गों पर सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। कमासिन-बिसंडा मार्ग,बबेरू-बिसंडा मार्ग ,नरैनी-बिसंडा मार्ग से चलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने वैकल्पिक रूट तय किए हैं। जिन भारी वाहनों को बांदा से चित्रकूट जाना है, वे सीधे बांदा-बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करते हुए चित्रकूट जा सकेंगे। इसी प्रकार चित्रकूट से बांदा की तरफ आने वाले सभी भारी वाहनों को चित्रकूट-बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे मार्ग अपनाते हुए बांदा आना होगा।प्रयागराज से बांदा या बांदा से प्रयागराज आने-जाने वाले भारी वाहनों के लिए विकल्प दिए हैं।

# ट्यूबवेल का सोलर प्लांट हुआ क्षतिग्रस्त, फसल बचाने के लिए किसान ने मांगी सरकारी मदद

**बांदा।** जनपद में बीती रात आए भीषण आंधी-तूफान ने जहां एक तरफ आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया, वहीं दूसरी तरफ किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। ताजा मामला बांदा जनपद के ग्राम मुरवल से सामने आया है, जहां तेज चक्रवाती हवाओं के कारण एक किसान का पूरा सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर सिस्टम) मलबे में तब्दील हो गया। इससे किसान के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मुरवल गांव के निवासी पीड़ित किसान शिरोमण निषाद पुत्र छंगू निषाद ने बताया कि उनके ट्यूबवेल पर कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत भारत एवं राज्य सरकार के भारी अनुदान पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया था। बीती रात करीब 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए तूफान के थपेड़ों को यह भारी-भरकम सोलर स्ट्रक्चर झेल नहीं सका और उखड़कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सोलर पैनल टूटने के कारण ट्यूबवेल पूरी तरह से ठप हो गया है, जिससे खेतों में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। किसान शिरोमण निषाद ने अत्यंत चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पानी न मिलने के कारण अब उनकी खड़ी फसल के सूखने का सीधा खतरा मंडराने लगा है। इतना ही नहीं, ट्यूबवेल बंद होने से इस भीषण गर्मी में मवेशियों और स्थानीय लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या भी गहराने लगी है। इस प्राकृतिक आपदा से बेबस हुए पीड़ित किसान ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग के आला अधिकारियों से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है। साथ ही सरकारी स्तर पर इस सोलर सिस्टम की जल्द से जल्द मरम्मत या प्रतिस्थापन कराने की अपील की है, ताकि उनकी फसल को नष्ट होने से बचाया जा सके और पानी की किल्लत दूर हो सके।

# अवैध ओवरलोडिंग और हादसों के खिलाफ सड़क पर उतरी जेडीयू

## बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** जनपद में प्रतिबंधित समय के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रकों के अवैध संचालन और इसके कारण लगातार हो रही दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सियासत और जन-आक्रोश गरमा गया है। जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने आज चित्रकूटधाम मंडल के मंडलायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।

कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए जेडीयू नेता शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि हाल ही में ओरन-बिसंडा मार्ग पर हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे जनपद को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे इन हादसों में निर्दोष लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल औपचारिकताएं पूरी करने में सिमट कर रह गए हैं। शासन द्वारा भारी वाहनों के संचालन का समय निर्धारित होने और श्नो-एंट्रीश व्यवस्था लागू होने के बावजूद दिनदहाड़े ओवरलोड ट्रक खुलेआम मुख्य सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो सीधे तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

जेडीयू की प्रदेश उपाध्यक्ष ने सीधे तौर पर प्रशासनिक मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पूछा कि आखिर किसके संरक्षण में ये मौत के सौदागर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं? उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और खनन विभाग की घोर निष्क्रियता के कारण ही ओवरलोड ट्रकों द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह आम जनता की जिंदगी की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिबंधित समय के भीतर भारी वाहनों और ओवरलोड ट्रकों के संचालन पर तत्काल और पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए।

परिवहन, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर प्रतिदिन सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। नियमों की अनदेखी करने वाले और ओवरलोडिंग को संरक्षण देने वाले भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई हो। मुख्य मार्गों तथा खनन क्षेत्रों में स्थायी चेकपोस्ट स्थापित किए जाएं और ट्रकों का वजन मापने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित हो। ओरन-बिसंडा मार्ग सहित हालिया सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को उचित आर्थिक सहायता और घायलों को तत्काल निःशुल्क उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जाए।

शालिनी सिंह पटेल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बांदा की जनता अब इस बदइंतजामी से परेशान हो चुकी है और प्रशासन से जवाब चाहती है। अगर आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस गंभीर विषय पर तत्काल प्रभावी और जमीनी कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी जनता के हक के लिए आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होगी।

# बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे 22 डंपरों का चालान

**बांदा।** सड़कों पर बिना नंबर प्लेट या नंबर प्लेट को जानबूझकर छिपाकर दौड़ने वाले मौत के सौदागरों के खिलाफ परिवहन विभाग ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। आज जनपद बांदा में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने एक बड़ा और व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस औचक कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित हो रहे डंपर और माल वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर की अगुवाई में टीम ने बांदा की सड़कों पर उतरकर बिना नंबर प्लेट, मानक विहीन नंबर प्लेट और नंबरों को खरोंचकर या छिपाकर चलाए जा रहे डंपर व भारी माल वाहनों को आड़े हाथों लिया। इस कड़े चेकिंग अभियान के दौरान नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 22 डंपर व माल वाहनों का चालान काटा गया, जबकि 14 वाहनों को मौके पर ही निरुद्ध कर थाने में खड़ा करवा दिया गया। चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त ने एक बेहद गंभीर खामी पकड़ी। उन्होंने पाया कि वाहनों में लगने वाली हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की गुणवत्ता बेहद घटिया है। अधिकांश प्लेट्स में नंबर के ऊपर लगा काला रंग या तो बहुत जल्दी छूट जाता है या फीका पड़ जाता है। इस वजह से नंबर पूरी तरह सफेद दिखने लगता है और बहुत पास से देखने पर भी नंबर साफ समझ में नहीं आता। विभाग इस मामले को भी गंभीरता से ले रहा है।

परिवहन विभाग की टीम ने केवल चालान ही नहीं काटा, बल्कि मौके पर ही माल वाहन चालकों को रोककर उनकी काउंसलिंग भी की। अधिकारियों ने उन्हें सख्त हिदायत दी कि वे हर हाल में शासन द्वारा निर्धारित मानक नंबर प्लेट लगाकर ही वाहन चलाएं। इसके साथ ही, भीषण सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए उन्हें यातायात के नियमों का अक्षरशः पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता, होर्मुज से हटेंगे अमेरिकी सैनिक

**मध्य पूर्व**

**मध्य** पूर्व में तनाव एक नाजुक मोड़ पर पहुँच रहा है, ऐसे में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन के मसौदे की खबरें सामने आई हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा संभावित समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। यह प्रस्ताव क्षेत्रीय सैन्य उपस्थिति की जटिलताओं से निपटते हुए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिरता बहाल करने का एक खाका प्रस्तुत करता है। ईरान के सरकारी टेलीविजन के अनुसार, प्रारंभिक दस्तावेज में एक बहुस्तरीय शांति प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य शत्रुता को समाप्त करना और प्राथमिक आर्थिक और सुरक्षा चिंताओं का समाधान करना है। ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन को युद्ध-



पूर्व स्तर पर बहाल करेगा। इस व्यवस्था के तहत, पारगमन का प्रबंधन ईरान द्वारा ओमान के समन्वय से किया जाएगा, हालांकि मौजूदा मसौदे में कथित तौर पर अमेरिकी सैन्य जहाजों को इस विशिष्ट पारगमन ढांचे से बाहर रखा गया है।

एक पारस्परिक कदम के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के "आसपास के वातावरण" से सैन्य बलों को वापस लेने की प्रतिबद्धता जताई है, हालांकि यह क्षेत्रीय तैनाती या स्थायी ठिकानों पर लागू होता है या नहीं, इसके विशिष्ट विवरण आगे की बातचीत के लिए छोड़ दिए गए हैं। अमेरिका से मौजूदा नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की उम्मीद की जा रही है, जिसे वाणिज्यिक गतिविधियों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक कदम माना जा रहा है।

यदि 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते की पुष्टि हो जाती है, तो इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाध्यकारी प्रस्ताव के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जाएगा। नवीनतम प्रस्ताव में सुझाव दिया गया है कि ईरान और ओमान संकरे जलमार्ग में जहाजरानी और यातायात प्रबंधन की संयुक्त निगरानी का जिम्मा संभालेंगे। यह महत्वपूर्ण जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से के तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के पारगमन को सुगम बनाता है।

# दक्षिण कोरिया के जहाज पर मिले ईरानी टर्बोजेट इंजन के हिस्से

**दक्षिण कोरिया**

**दक्षिण** कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस महीने की शुरूआत में होर्मुज जलडमरूमध्य में एचएमएम नामू पर हुए हमले में ईरान निर्मित एंटी-शिप मिसाइल का इस्तेमाल होने की बहुत अधिक संभावना है। लक्षित पोत का संचालन दक्षिण कोरिया की प्रमुख शिपिंग कंपनी एचएमएम करती है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने राष्ट्रीय खुफिया आकलन के आधार पर इन निष्कर्षों का हवाला देते हुए देश के प्रथम उप विदेश मंत्री पार्क यून-जू के हवाले से कहा कि सरकार इस निष्कर्ष पर "तकनीकी विश्लेषण" के आधार पर पहुंची है। एजेंसी के अनुसार, इस व्यापक फोरेंसिक समीक्षा में हथियार के स्रोत की पहचान करने के लिए वारहेड के आकार और गैस के मलबे के रंग का मूल्यांकन शामिल था।



घटना की विशिष्टताओं पर विस्तार से बताते हुए, पार्क ने कहा कि 4 मई को एचएमएम नामू पर दो अज्ञात विमानों ने हमला किया था। उन्होंने बताया कि पहला वारहेड सफलतापूर्वक नष्ट हो गया, जबकि दूसरा फट गया। माना जाता है कि पहले हमले से इंजन रूम में आग लग गई, जबकि दूसरे हमले के कारण आग तेजी से पूरे पोत में फैल गई। घटनास्थल से बरामद मलबे का विवरण देते हुए, प्रथम उप विदेश मंत्री ने बताया कि प्रणोदन प्रणाली एक "ईरानी टर्बोजेट इंजन" से काफी मिलती-जुलती थी, और पुर्जों पर ऐसे निशान पाए गए थे जिनके बारे में माना जाता है कि वे एक ईरानी निमार्ता के थे। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने आगे बताया कि घटना के समय जहाज पर सवार 24 चालक दल के सदस्यों को काफी संरचनात्मक क्षति पहुंची है। जहाज के पिछले हिस्से (बाएं तरफ) पर प्रभाव क्षेत्र लगभग पांच मीटर (16.5 फीट) चौड़ा था और लगभग सात मीटर (23 फीट) तक जहाज के भीतर तक फैला हुआ था।

# ट्रकों में भरकर भारत से कहां भागे घुसपैठिए मुस्लिम? बॉर्डर अलर्ट!

**बांग्लादेश**

**पश्चिम** बंगाल से आई यह तस्वीरें अब पूरे देश में सनसनी बन चुकी हैं। सड़क किनारे बैठे यह सैकड़ों लोग सिर पर बोरियां साथ में बीवी और बच्चे और ट्रकों में भर-भर कर यह बॉर्डर की तरफ भाग रहे हैं। दावा यह किया जा रहा है कि यह सभी बांग्लादेशी मुस्लिम है जो अब खुद ही भारत छोड़कर वापस बांग्लादेश लौट रहे हैं।सवाल यह है कि आखिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि बॉर्डर पर भगदड़ जैसे हालात बन [संगीत] गए। क्यों पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर सियासी भूचाल आ गया है? बता दें कि यह तस्वीरें पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हकीमपुर और स्वरूप नगर बॉर्डर इलाके से सामने आई हैं। जहां सैकड़ों लोग परिवार और सामान के साथ बॉर्डर के पास जमा हो गए। कई लोग ट्रकों में भरकर बॉर्डर तक पहुंचे। मानो किसी भी हालात में यह भारत छोड़कर जाना चाहते हो। दावा यह सामने आया है कि इनमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी मुस्लिम है जो बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे और अब कार्रवाही के डर से यह वापस लौट रहे हैं। दरअसल बता दें कि पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद अब अवैध प्रवासियों के खिलाफ बहुत बड़ा अभियान शुरू हो चुका है।

नई सरकार ने 3ऊ नीति लागू की है। यानी कि डिलीट डिटेक्ट एंड रिपोर्ट यानी पहचान करो रिकॉर्ड से हटाओ और फिर देश से बाहर भेजो। सरकार ने मालदा और मुर्शिदाबाद में 48 घंटे के अंदर दो होल्डिंग सेंटर भी तैयार किए। यानी यहां पर संदिग्ध



अवैध प्रवासियों को रखा जाएगा। उनकी जांच पहचान की जाएगी और फिर बीएसएफ के जरिए बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया इनकी शुरू होगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बेहद सख्त लहजे में यह कहा कि जल्दी-जल्दी भागो नहीं तो सरकार अपना काम शुरू कर देगी। अब जरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह बयान भी आप सुन लीजिए जिसकी चर्चा इस पूरे घटनाक्रम के बीच फिर से शुरू हो गई है। मोदी ने यह साफ कहा था कि घुसपैठियों के जरिए डेमोग्राफी बदलने की साजिश चल रही है। घुसपैठियों को बचाने वालों को भुगतना पड़ेगा। देश उन्हें माफ नहीं करेगा। यह बयान उन्होंने 15 अगस्त को दिया था। षड्यंत्र के तहत सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। यही वजह है कि अब इस पूरे मुद्दे को सिर्फ कानून व्यवस्था से नहीं बल्कि नेशनल सिक्योरिटी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बीजेपी का यह आरोप है कि अवैध घुसपैठ की वजह से फर्जी दस्तावेज, तस्करी, वोट बैंक, राजनीति और इसी के साथ ही डेमोग्राफिक बदलाव जैसी समस्या बढ़ गई है।

# 'खून-पानी साथ नहीं', फिर भी भारत ने निभाया पड़ोसी धर्म, दुश्मन को बचाने के लिए भेज दिया फ्लड अलर्ट



**इस्लामाबाद**

**पहलगाम** आतंकी हमले के जख्मों के बाद जब भारत ने 'सिंधु जल संधि' को ठंडे बस्ते में डालकर पाकिस्तान की दुखती रग पर पैर रखा, तो इस्लामाबाद में हड़कंप मच गया और वह दुनिया भर में दिल्ली पर 'वॉटर टेररिज्म' का झूठा रोना रोने लगा। लेकिन अपनी फितरत के मुताबिक जहर उगलने वाले पाकिस्तान को भारत ने एक बार फिर अपनी कूटनीतिक धमक और मानवीय बड़प्पन का ऐसा करारा सबक दिया है, जिसकी गूंज अंतरराष्ट्रीय गलियारों में साफ सुनी जा सकती है। चरम पर पहुंची दुश्मनी और तल्खियों के बावजूद, नई दिल्ली ने दरियादिली दिखाते हुए इस्लामाबाद को चिनाब नदी में आने वाली विनाशकारी सीमा-पार बाढ़ की खुफिया और बेहद सटीक चेतावनी भेजी है। सिंधु बेसिन का सबसे लाचार और निचला तटवर्ती (लोअर रिपेरियन) देश होने के कारण पाकिस्तान की सांसें भारत के पानी पर टिकी हैं; ऐसे में भारत की यह दूसरी सबसे बड़ी चेतावनी पाकिस्तान के लिए किसी जीवनदान से कम नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के सलाला बांध के स्पिलवे गेट खुलते ही उफनती चिनाब के रौद्र रूप को देखते हुए भारत ने 30 मई तक का अल्टीमेटम दिया, जिसके बाद सहमे पाकिस्तान ने आनन-फानन में अपने पूरे पंजाब प्रांत को हाई अलर्ट पर डालकर रेस्क्यू टीमों को युद्धस्तर पर तैनात कर दिया है। भारत का यह कदम साफ संदेश है कि दिल्ली जहां एक तरफ सीमा पर आतंकियों को नेस्तनाबूद करने का माद्दा रखती है।

# भारत की मिसाइल से साइप्रस मचाएगा धमाका, तुर्की की मीडिया में मची खलबली




**साइपरस**

**क्या** भारतीय मिसाइलें अब भूमध्य सागर यानी कि मेडिटेरियन सी की लहरों पर तैनात होने वाली हैं? क्या भारत का रक्षा उद्योग अब यूरोप के द्वार तक अपनी ढाक जमाने जा रहा है? यह सवाल तुर्की का मीडिया चीख-चीख कर कर रहा है। जब से भारत और साइपरस ने अपनी दोस्ती को रणनीतिक साझेदारी में बदला है तब से अंकारा से लेकर इस्तांबुल तक बेचैनी साफ-साफ देखी जा सकती है। तुर्की की प्रमुख मीडिया वेबसाइट टीआर हैबर ने एक रिपोर्ट छापी है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है। टीआर हैबर के मुताबिक भारत और साइपरस के बीच एक ऐसा समझौता हुआ है जिसके तहत भारतीय मिसाइलें और ड्रोन अब पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात किए जा सकते हैं। दरअसल हाल ही में साइपस गणराज के राष्ट्रपति निकोस भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी और साइपरस के राष्ट्रपति के बीच हुई शिखर वार्ता सामान्य कूटनीतिक मुलाकात नहीं थी। दोनों देशों ने अपने दशकों पुराने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर अपग्रेड कर दिया। लेकिन सबसे बड़ी खबर रक्षा गलियारों से निकल कर सामने आई।

# गाजा में इजरायल का बड़ा एक्शन, 7 अक्टूबर के 'मास्टरमाइंड' मोहम्मद ओदेह को किया ढेर

**इजरायल**

**इजरायल** रक्षा बलों ने गाजा में मोहम्मद ओदेह को मार गिराया, जो आतंकवादी संगठन हमास की सैन्य शाखा का नया नेता और 7 अक्टूबर के नरसंहार के मुख्य साजिशकताओं में से एक था। यह अभियान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज के निदेशों पर चलाया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक पोस्ट में यह जानकारी दी। ओदेह 7 अक्टूबर के नरसंहार के दौरान हमास के



खुफिया विभाग का प्रमुख था और उसे लगभग एक सप्ताह पहले एजेदीन अल-हद्दाद की जगह नियुक्त किया गया था, जिसे दो सप्ताह पहले गाजा पट्टी में रक्षा बलों के हमले में मार गिराया गया था। ओदेह कई इजरायली नागरिकों और रक्षा बलों के सैनिकों की हत्या, अपहरण और घायल करने के लिए भी जिम्मेदार था। बेंजामिन नेतन्याहू ने भी एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि हमने हमास के सैन्य विंग के नेता और 7 अक्टूबर के नरसंहार के मुख्य साजिशकताओं में से एक मुहम्मद ओदेह पर हमला किया है।

इस बीच, अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने कल अपने अभियानों को तेज करने के बाद दक्षिणी लेबनान में अपने हमले जारी रखे।

# सामान भी नहीं बांध पाए, यूएई ने पाकिस्तानियों को रातों-रात धक्के मार कर

**यूएई**

**अपनी** बदहाली और अरबों के कर्ज में दबे पाकिस्तान के लोग जब भुखमरी से तंग आ जाते हैं तो अपनी किस्मत बदलने खाड़ी देशों का रुख करते हैं। दुबई और सऊदी अरब जैसे देशों में दिन रात पसीना बहाकर वो अपने परिवार का पेट पालते हैं। लेकिन जब अपनी ही हुकूमत की गलत नीति का शिकार इन मासूमों को होना पड़े तो दर्द और बढ़ जाता है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच पाकिस्तानियों पर एक नया और भयानक संकट टूट पड़ा है। यूएई से हजारों पाकिस्तानी शिया मुसलमानों को रातोंरात धक्के मारकर बाहर निकाल दिया गया। ना सामान बांधने का वक्त मिला ना बरसों की कमाई समेटने की मोहलत। सिर्फ एक जोड़ी कपड़ों में इन्हें फ्लाइट में बैठकर वापस कंगाली के दलदल में धकेल दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक यूएई ने हजारों पाकिस्तानी शियाओं को धक्का देकर भगा दिया। 28 फरवरी से अब तक 7500 से ज्यादा लोगों को बाहर निकाला।

28 फरवरी वही तारीख है जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले शुरू किए थे। बिना नौकरी, बिना सामान और बिना अपनी जमा पूंजी के वापस भेजे गए। आखिर यूएई ने यह कदम क्यों उठाया और पाकिस्तान इस पर चुप क्यों है? जवाब है पाकिस्तान का डबल गेम। पाकिस्तान एक तरफ अपने फायदे के लिए ईरान की गोद में बैठ जाता है तो दूसरी तरफ कर्ज और भीख के लिए पाला बदलकर अमेरिका यूएई का गुणगान करने लगता है। मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच पाकिस्तान के इसी डबल स्टैंडर्ड का खामियाजा अब वहां की आम जनता भुगत रही है। तेल और गैस के



लिए ईरान से दोस्ती का नाटक और पैसों के लिए सऊदी यूएई के सामने झोली फैलाना। पाकिस्तान के इस चालबाजी को खाड़ी देशों ने भांप लिया है। सुरक्षा कारणों और ईरान युद्ध के बीच बढ़े तनाव के चलते यूएई ने यह कड़ा रुख अपनाया। लेकिन शर्म की बात देखिए यूएई के इस फैसले का पाकिस्तान का गृह मंत्रालय यह कहकर बचाव कर रहा है कि यह नियमों का उल्लंघन है। मजहब का मामला नहीं। कूटनीतिक संबंधों के टूटने और मिलने वाली भीख के बंद होने के डर से पाकिस्तान सरकार की जुबान पूरी तरह कांप रही है और वह अपने ही नागरिकों के हक में एक शब्द नहीं बोल पा रही।

पूरे मामले में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने भी नजरें टेढ़ी कर ली है। ह्यूमन राइट्स वॉच के उपनिदेशक माइकल पेज ने इन रिपोर्ट्स को बेहद चिंताजनक बताया और जांच शुरू कर दी। वहीं जेनेवा स्थित मैन राइट्स ग्रुप के अधिकारी फला सैयद का कहना है कि यूएई में ऐसी कारवाइयां पहले भी हुई है। लेकिन हाल ही के दिनों में इसमें भारी तेजी आई है। लाचारी, कंगाली और ऊपर से हुकूमत की गंदी कूटनीति।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:**
9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# भारत ने निभाई पक्की यारी, नेपाल की आर्मी को दिया गजब का तोहफा!

**नेपाल**

**हिमालय** की गोद में बसा नेपाल जहां की राजनीति में इन दिनों एक नई हलचल है। इस साल मार्च में जब काठमांडू की सत्ता में बालन शाह और बालेन का राज्याभिषेक हुआ तो इसे एक नए युग की शुरूआत मानी गई। प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आए बालेन शाह से काठमांडू के युवाओं को बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। तो नई दिल्ली को भी यह लगा कि शायद अब पुरानी कड़वाहट खत्म होगी। लेकिन सत्ता संभालने के महज छ हफ्तों के भीतर बालेन शाह के रुख ने सबको हैरान कर दिया। एक तरफ जहां नेपाल सरकार के कुछ फैसले रिश्तों में दरार डाल रहे थे, वहीं दूसरी तरफ भारत अपनी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर अडिग है।

दरअसल नेपाल के वीरगंज से एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने दुनिया को बताया कि भारत के लिए नेपाल सिर्फ एक पड़ोसी नहीं बल्कि एक भाई है। भारत सरकार ने नेपाल की कानून व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए उभार के रूप में 10 विशेष कैदी वाहन सौंपे हैं। वीरगंज में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत के वाणिज्य दूतावास के महाप्रबंधक देवी सहाय मीणा ने इन गाड़ियों की चाबियां परसा जिले के सीडीओ भोला दहाल को सौंप दी। यह वाहन महज गाड़ियां नहीं बल्कि भारत की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसमें वह नेपाल की शांति और सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता मानता है।

बता दें यह 10 विशेष वाहन नेपाल के सुरक्षा बलों की कार्यक्षमता को नई धार देंगे। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह



कैदी वाहन चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम है। नेपाल की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अक्सर दुर्गम इलाकों में कैदियों के परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब भारत के इस तोहफे से उनकी लॉजिस्टिक ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। नेपाल सरकार के अधिकारियों ने भी भारत के इस कदम की सराहना की। उनका मानना है कि इस तरह का सहयोग दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच आपसी विश्वास को और गहरा करेगा। यह पहली बात नहीं है जब भारत ने नेपाल का हाथ थामा है। अगर इतिहास के पन्नों को पलटे तो भारत ने हमेशा नेपाल की प्रशासनिक जरूरतों का ख्याल रखा है। 5 मार्च 2026 को हुए प्रतिनिधि सभा के चुनाव को ही ले लीजिए। तब भारत ने नेपाल के अनुरोध पर 640 से अधिक वाहन उपहार में दिए थे। जिनमें एसयूवी, पिकअप और ट्रक शामिल थे। अब तक भारत नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाली सेना को 2000 से अधिक गाड़ियां दे चुका है। इतना ही नहीं नेपाल के सुदूर गांव में चलने वाली सैकड़ों एंबुलेंस और बच्चों को स्कूल ले जाने वाली बसें भी भारत की दोस्ती का सबसे बड़ा उपहार है।

वैसे बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उम्मीद थी कि कूटनीतिक संवाद बढ़ेगा। लेकिन हकीकत इसके उलट दिख रही है। सूत्रों की मानें तो बालन शाह ने किसी भी अधिकारी से मिलने तक की दिलचस्पी नहीं दिखाई है। खासकर भारत के इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल भारत सीमा पर नए कस्टम ड्यूटी लगा दिए थे। जिससे सदियों से चले आ रहे स्थानीय व्यापार पर संकट के बादल मंडाने लगे थे। और तनाव की सबसे बड़ी वजह बनी लिपुलेख। भारत द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनाए जा रहे रास्ते पर बालन शाह ने ना केवल आपत्ति जताई बल्कि चीन और भारत को औपचारिक पत्र भेजकर अपना विरोध भी दर्ज कराया।